www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

पत्र नहीं; मित्र

RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक – 102 । नर्मदापुरम, बुधवार 9 जुलाई 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

नर्मदापुरम संभाग में झमाझम बारिश, अगले 24 घंटे में भी अतिभारी वर्षा की चेतावनी — पृष्ठ 2

▸ भारत के लिए चीन ही है सबसे बड़ा खतरा
▸ विवादास्पद चार श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन का भाग्य दांव पर — पृष्ठ 4

▸ बुमराह की तीसरे टेस्ट के लिए टीम में वापसी तय — पृष्ठ 5

विवि में साइबर और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर केंद्रित पाठ्यक्रम आरंभ किए जाएं — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे मोदी, हुआ जोरदार स्वागत



**ब्रासीलिया, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने के बाद मंगलवार को ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे। यहां पीएम मोदी का स्वागत पारंपरिक सांबा रेगे की संगीतमय प्रस्तुति से किया गया। इसके बाद होटल पहुंचने पर शिव तांडव स्तोत्र पाठ और भारतीय शास्त्रीय नृत्य का भावपूर्ण प्रदर्शन किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे 'यादगार स्वागत' बताया और प्रवासियों की अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए प्रशंसा की।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, थोड़ी देर पहले ब्रासीलिया पहुंचा। भारतीय समुदाय ने यादगार स्वागत किया, जो एक बार फिर दर्शाता है कि हमारे प्रवासी कितने भावुक हैं और वे अपनी जड़ों से कितने जुड़े हुए हैं। उन्होंने कुछ तस्वीरें भी साझा कीं, जिनमें उत्साहित और उत्साही प्रवासी भारतीय तिरंगा थामे प्रधानमंत्री मोदी का हाथ जोड़कर अभिवादन करते नजर आ रहे हैं। पीएम मोदी सोमवार को 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए बहुत ही उत्पादक रियो डी जेनेरियो यात्रा पूरी करने के बाद ब्राजील पहुंचे। भारतीय पीएम 2 जुलाई से 10 जुलाई तक 5 देशों की यात्रा पर हैं। अब तक वे घाना, त्रिनिदाद एंड टोबैगो, और अर्जेंटीना का दौरा कर चुके हैं।

### तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने साझा अभियानों के गुर बताए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भविष्य की लड़ाईयों में तीनों सेनाओं के साझा अभियानों के महत्व को देखते हुए तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ भविष्य की लड़ाइयों में साझा अभियानों की तैयारी और बारीकियां साझा की। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने मंगलवार को पहली बार यहां एक मंच से तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित किया।

### खड़गे-राहुल ने राजशेखर रेड्डी को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख जगन मोहन रेड्डी के पिता एवं आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाई एस राजशेखर रेड्डी को उनकी जयंती पर नमन करते हुए मंगलवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री खड़गे ने कहा, आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. राजशेखर रेड्डी की जयंती पर हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। एक सच्चे दयालु नेता, जिन्होंने अपना पूरा जीवन राज्य की प्रगति और भलाई के लिए समर्पित कर दिया।

### हज के लिए आवेदन शुरू, 31 तक जमा होंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हज 2026 के लिए आवेदन मंगलवार से शुरू किया गया और ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने कहा कि हज 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। हज यात्रा पर जाने वाले इच्छुक यात्री हज पोर्टल एचटीटीपीएस://हजकमेटीडॉटजीओवीडॉट आईएन या 'हज सुविधा' मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन विंडो आज से 31 जुलाई रात 11:59 बजे तक खुली रहेगी।

### विमान दुर्घटना की प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी गई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वायुयान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अहमदाबाद में पिछले महीने दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान हादसे के बारे में अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट विमानन मंत्रालय को सौंप दी है। सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि यह रिपोर्ट प्रारंभिक जांच में मिली जानकारी पर आधारित है और मंत्रालय के साथ-साथ यह अन्य हितधारकों के साथ भी साझा की गई है। अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का यह विमान 12 जून को उडान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। दुर्घटना में 250 से अधिक लोगों की मौत हुई थी।

कांग्रेस ने कहा- सेबी की नाक के नीचे हो रहे घोटाले घपले

# अमेरिकी कंपनी उड़ाकर ले गई करोड़ों

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार में प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) जैसी महत्वपूर्ण संस्था भी शिथिल पड़ गई है और उसकी नाक के नीचे हो रहे घोटालों से आम निवेशकों को जबरदस्त चूना लग रहा है लेकिन वह अपने दायित्वों का ठीक तरह से निर्वहन नहीं कर पा रही है।

कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सेबी की नाक के नीचे एक बड़ा घोटाला हुआ है। घोटाला करने वाली कंपनी एक बार नहीं बार-बार घोटाले करती रही और देश के नागरिकों की गाढ़ी कमाई लेकर अपने देश भाग गई लेकिन सेबी ने समय रहते इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बताना चाहिए कि जो कंपनी बार-बार घोटाला करती रही है उसको लेकर सरकार की नींद क्यों नहीं खुली।

उन्होंने कहा कि देश में तमाम संस्थाएं ऐसी हैं, जो मोदी सरकार में लगातार धराशाई होती जा रही हैं। इसमें सबसे आगे सेबी का नाम है जिसकी नाक के नीचे घोटाले-घपले होते हैं और आम निवेशकों को चूना लगाकर लूटा गया है लेकिन सरकार की नींद ही नहीं खुली। जो कंपनी जनता को चूना लगा

**48 हजार करोड़ से ज्यादा बाहर भेज दिए**

रही है उसको देखा क्यों नहीं गया, उसकी निगरानी क्यों नहीं हुई।

कंपनी ने अवैध मुनाफे के 48 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा बाहर भेज दिए लेकिन सरकार की तरफ से उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यह सबसे बड़ा सवाल है कि जब देश से पैसा बाहर जा रहा था तो कंपनी के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई और जो पैसा बाहर गया है उसे वापस कैसे लाया जाएगा।

उन्होंने विस्तार से घोटाले की जानकारी देते हुए कहा, अल्गो ट्रेड ऑपरेटर अमेरिका की कंपनी है, जो कि भारत के शेयर बाजार और डेरिवेटिव मार्केट में एकसाथ ऑपरेट कर रही थी और जबरदस्त अवैध मुनाफा कमा रही थी। यह बात सेबी के आंतरिक आदेश में कहा गया है। इसमें आम निवेशक के लाखों करोड़ रुपए डूब गए, जिसकी चेतावनी राहुल गांधी लगातार दे रहे थे। ऐसा कई साल चला और आखिरकार बीती तीन जुलाई को सेबी ने एक अंतरिम आदेश निकाला, जिसमें जेन स्ट्रीट समेत उसकी चार सहयोगी कंपनियों को भारत में ट्रेड करने को रोका गया। फिर इस कंपनी के 4,844 करोड़ रुपए जब्त कर लिए गए। श्रीमती श्रीनेत ने कहा कि सेबी का 105 पन्नों का अंतरिम आदेश जनवरी, 2023 से लेकर मार्च, 2025 के बीच मात्र 18 ट्रेडिंग सेशन की विवेचना करके इश्यू किया गया लेकिन स्ट्रीट ने अवैध मुनाफे में 44,000 करोड़ रुपए कमाए हैं। ऐसा लगातार होता गया और आम निवेशकों के करीब 54,000 करोड़ रुपए स्वाहा हो गए।

दिल्ली में मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने शाह, नड्डा सहित कई मंत्रियों से की मुलाकात

## विकास, निवेश और योजनाओं से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा



**नई दिल्ली/ भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने आज दिल्ली में पार्टी के वरिष्ठ नेता केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई मंत्रियों से मुलाकात की। बताया जाता है कि इसस दौरान राज्य के विकास निवेश और संगठनात्मक विषयों पर बातचीत हुई। श्री खंडेलवाल के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद यह उनकी पहली दिल्ली यात्रा थी।

मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी और केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन से मुलाकात की। इन बैठकों में राज्य के बुनियादी ढांचे, निवेश, औद्योगिक विकास और सामाजिक योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. यादव ने केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश की योजनाओं को गति देने पर जोर दिया और आने वाले समय में विभिन्न केंद्रीय योजनाओं का लाभ प्रदेश के नागरिकों तक तेजी से पहुंचाने के संकल्प को दोहराया।

इस दौरे की विशेष बात यह रही कि हेमंत खंडेलवाल के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद यह उनकी पहली दिल्ली यात्रा रही। मुख्यमंत्री के साथ उन्होंने राष्ट्रीय नेतृत्व से औपचारिक रूप से परिचय प्राप्त कर प्रदेश संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर बातचीत की।

बागेश्वर धाम में फिर हुआ हादसा

# छत गिरने से महिला की मौत



**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर में मंगलवार को बागेश्वर धाम आए श्रद्धालुओं के साथ हादसा हो गया। धाम के पास स्थित जिस ढाबे पर श्रद्धालु रुके हुए थे, उसकी छत गिर गई। जिससे एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई। जबकि 10 घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जाता है कि सुबह तड़के करीब 3.30 पर तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से यह हादसा हुआ। सभी घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि बागेश्वर धाम के पास में स्थित एक ढाबे पर श्रद्धालु रुके हुए थे। इसी दौरान सुबह ढाबे की छत गिर गई। जिससे एक महिला श्रद्धालु की जान चली गई। जबकि 10 अन्य घायल हो गए।

**इससे पहले हुए हादसे में जा चुकी है युवक की जान**

इससे पहले 3 जुलाई को बागेश्वर धाम में उस वकत हादसा हुआ था जब 4 जुलाई को पं. धीरेन्द्र शास्त्री का जन्मदिन मनाने भीड़ जुटी थी और एक दिन पहले जिस टेंट में श्रद्धालु रुके थे उसका एक हिस्सा गिरने से एक युवक राकेश कौशल की मौत हो गई थी। वह युवक अयोध्या से बागेश्वरधाम पहुंचा था।

## रेल मंत्री अश्विनी बैष्णव के पिता का निधन



**जोधपुर, एजेंसी।** केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाऊलाल वैष्णव का जोधपुर के एम्स अस्पताल में निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे और एम्स में उनका इलाज जारी था। श्री वैष्णव अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। मंगलवार शाम उनका जोधपुर में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इसके पहले उनकी अंतिम यात्रा महावीर कॉलोनी स्थित उनके घर से निकाली गई।

वे मूल रूप से पाली जिले के जीवंद कला निवासी थे। बाद में परिवार के साथ जोधपुर में बस गए थे। वे अपने गांव में सरपंच भी रह चुके थे और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। दाऊलाल वैष्णव ने जोधपुर में एक वकील और कर सलाहकार के रूप में लंबे समय तक कार्य किया। ज्ञात हो कि 3 दिन पहले भी वे जोधपुर आए थे और अस्पताल में उन्होंने अपने पिता से मुलाकात कर चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व आमजन ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता के निधन पर शोक जताया है।

## पिछड़ा वर्ग के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण लागू करे तेलंगाना सरकार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता ने तेलंगाना की कांग्रेस सरकार से मांग की है कि संविधान के अनुच्छेद 243 डी के तहत राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिये 42 प्रतिशत आरक्षण वह लागू करे।

सुश्री कविता ने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस सरकार इसके लिए कैबिनेट बैठक करे। उन्होंने कहा, मैं लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी से आग्रह करती हूं कि वह मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से तेलंगाना में 42 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण देने का आदेश जारी करवायें। श्री गांधी देशभर में ओबीसी की बात करते रहते हैं, अब उनकी सरकार को इच्छाशक्ति दिखानी चाहिए। गौरतलब है कि तेलंगाना मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी दो दिवसीय दिल्ली दौरे पर है। दिल्ली में कई केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर रेड्डी लंबित परियोजनाओं की मांग कर रहे हैं। सोमवार की शाम श्री रेड्डी से भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव और बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने मुलाकात की। श्री देवगन ने मुख्यमंत्री से तेलंगाना में अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी की स्थापना के बारे बात की, तो कपिल देव ने स्थानीय क्रिकेटरों के लिए सुविधाओं में सुधार के तरीकों पर चर्चा की।

# रेलवे ट्रैक पार कर रही स्कूल वैन को ट्रेन ने मारी टक्कर, 3 छात्रों की मौत



चेन्नई, तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले में चेम्मन कुप्पम के पास मंगलवार सुबह एक दुखद दुर्घटना हुई, जब एक ट्रेन ने रेलवे क्रॉसिंग पर एक स्कूल वैन को टक्कर मार दी। शुरुआती रिपोर्ट में तीन बच्चों की मौत और स्कूल वैन चालक समेत 10 के गंभीर रूप से घायल होने की पुष्टि हुई है।

यह घटना उस समय हुई जब स्कूल वैन चेम्मन कुप्पम के पास रेलवे ट्रैक पार करने की कोशिश कर रही थी। चिदंबरम जाने वाली एक यात्री ट्रेन वैन से टकरा गई, जो लगभग 50 मीटर तक उसे घसीटते हुए ले गई। टक्कर के कारण वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और तीन बच्चों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है, क्योंकि कुछ और छात्रों की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना के समय वैन में स्कूली बच्चे और चालक सवार थे। गंभीर रूप से घायल चालक और बच्चों को इलाज के लिए कुड्डालोर सरकारी अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सा अधिकारी उनकी स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। हादसे के बाद सबसे पहले स्थानीय लोग ही मौके पर पहुंचे और बच्चों को बचाने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस को भी सूचना दी गई। स्थानीय निवासियों और रेलवे अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह हादसा स्कूल वैन चालक की कथित लापरवाही के कारण हुआ बताया जा रहा है। हालांकि 3 बच्चों की मौत के बाद उनके अभिभावकों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। उन्होंने स्कूल क्षेत्रों के पास रेलवे क्रॉसिंग पर कड़े सुरक्षा उपायों की मांग की।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय राज्यमंत्री मुरुगन से की मुलाकात

## उज्जैन में नया आकाशवाणी केन्द्र स्थापित होगा



**भोपाल, देशबन्धु।** सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने नई दिल्ली में अपने आवास पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मेजबानी की। बैठक में मध्यप्रदेश में चल रही और भविष्य की विकास पहलों से संबंधित मामलों पर ध्यान केंद्रित किया गया। नेताओं ने मीडिया आउटरीच, सार्वजनिक संचार और प्रसारण बुनियादी ढांचे सहित प्रमुख क्षेत्रों में केंद्र और राज्य के बीच सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। इस बात पर विशेष ध्यान दिया गया कि आकाशवाणी और दूरदर्शन जैसे केंद्रीय मीडिया प्लेटफॉर्म मध्यप्रदेश की विकास कहानियों को कैसे आगे बढ़ा सकते हैं।

बैठक में उज्जैन में एक नए आकाशवाणी केंद्र की स्थापना पर भी चर्चा हुई, जिसे केंद्र की ब्रॉडकास्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर एंड नेटवर्क डेवलपमेंट योजना के तहत सहायता दी जाएगी। नए केंद्र का उद्देश्य क्षेत्रीय प्रसारण को मजबूत करना, सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना और मध्य प्रदेश के लोगों को समय पर सूचना प्रसारित करना है। बीआईएनडी योजना का उद्देश्य प्रसार भारती को अपने प्रसारण बुनियादी ढांचे के विस्तार और उन्नयन, सामग्री विकास और संगठन से संबंधित सिविल कार्यों से संबंधित खर्चों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। बैठक का समापन केंद्र और मध्य प्रदेश के बीच कई क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने की आपसी प्रतिबद्धता के साथ हुआ, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचे और विकसित भारत के विजन में योगदान दिया जा सके। बैठक में मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू, आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। उनकी उपस्थिति ने सरकार के विकास दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में संस्थागत तालमेल के महत्व को रेखांकित किया।

उड़ान भरने के बाद आई तकनीकी खराबी

## इंदौर में इंडिगो फ्लाइट की आपात लैंडिंग

**इंदौर, एजेंसी।** इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल पर मंगलवार सुबह इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट की आपात लैंडिंग करनी पड़ी। फ्लाइट संख्या 6ई 7295 ने सुबह करीब 6.35 बजे इंदौर एयरपोर्ट से रायपुर के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन टेक ऑफ के लगभग 30 मिनट बाद विमान में अचानक तकनीकी खराबी आ गई, जिसके बाद पायलट ने इंदौर एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग का फैसला लिया। फ्लाइट को रद्द कर दिया गया और यात्रियों को टिकट रिफंड या फिर फ्लाइट को रीशेड्यूल करने का विकल्प दिया गया।

बताया गया है कि उड़ान के दौरान यात्रियों ने अचानक एक जोरदार झटका महसूस किया। पायलट को गलत तकनीकी संकेत मिलने के बाद इंदौर एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क किया गया और विमान को वापस लाने की अनुमति मांगी गई। सभी संबंधित विभागों को सूचित कर आवश्यक कदम उठाए गए। सुबह 7:15 बजे विमान ने इंदौर एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग की। विमान में सवार यात्रियों ने बताया कि उड़ान के कुछ समय बाद विमान में एक जोरदार झटका महसूस हुआ, जिससे यात्रियों में घबराहट फैल गई। कुछ देर बाद पायलट ने घोषणा की कि तकनीकी खराबी के कारण विमान को इंदौर लौटाया जा रहा है। यात्रियों के मुताबिक, लैंडिंग तक सब काफी डरे हुए थे। इंदौर एयरपोर्ट के निदेशक विपिन कांत सेठ ने बताया कि इंडिगो एयरलाइंस की विमान में तकनीकी खराबी का अहसास पायलट को तब हुआ, जब यह विमान इंदौर से उड़ान भरकर आकाश में करीब 60 नॉटिकल मील की दूरी तय कर चुका था। बड़ी बात यह थी कि टेक ऑफ के कुछ देर बाद ही खराबी का पता चल गया।

## एशिया की सबसे बुजुर्ग हथनी वत्सला की मृत्यु



**पन्ना/भोपाल, देशबन्धु।** पन्ना टाईगर रिजर्व के परिक्षेत्र हिनौता के अंतर्गत सबसे बुजुर्ग हथनी लगभग 100 वर्ष से अधिक आयु की वत्सला की 8 जुलाई मंगलवार को मृत्यु हो गई। वत्सला को एशिया की सबसे बुजुर्ग हथनी माना जाता है। पन्ना टाईगर रिजर्व के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा वत्सला का अंतिम संस्कार किया गया। वत्सला हथनी पर्यटकों के लिये आकर्षण का केन्द्र रही है। सबसे बुजुर्ग होने से वह पूरे हाथियों के दल का नेतृत्व करती रही है। अन्य मादा हाथी के प्रसव एवं बच्चा होने के उपरांत वह एक नानी अथवा दादी के रूप में अपनी भूमिका निभाती थी।

क्षेत्र संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व ने बताया कि मादा वत्सला परिक्षेत्र हिनौता के खैरईयां नाले के पास आगे के पैर के नाखून टूट जाने के कारण बैठ गई थी। वनकर्मियों द्वारा उसको उठाने का काफी प्रयास किया गया। दोपहर को हथनी वत्सला की मृत्यु हो गई। हथनी वत्सला केरल से नर्मदापुरम लाई गई थी और बाद में उसे पन्ना टाईगर रिजर्व लाया गया था। वृद्ध होने के कारण वत्सला को आँखो से दिखना बंद हो गया था तथा वह अधिक दूरी तक नहीं चल पाती थी इसलिये गश्ती कार्य में इसका उपयोग नहीं लिया जाता था। इसे हिनौता हाथी केम्प में रखा गया था। प्रतिदिन खैरईयां नाले तक नहाने के लिये ले जाया जाता था और भोजन में दलिया दिया जा रहा था।

पन्ना टाईगर रिजर्व प्रबंधन के वन्य प्राणी चिकित्सक एवं विशेषज्ञों के द्वारा समय-समय पर हथनी वत्सला के स्वास्थ्य का परीक्षण किया जा रहा था। इसलिए वत्सला पन्ना टाईगर रिजर्व के विरल एवं शुष्क वन क्षेत्र में दीर्घ आयु की अवस्था तक जीवित रही। टाईगर रिजर्व में बाघ पुनर्स्थपना योजना में वत्सला का अहम योगदान रहा।

वित्त मंत्रालय ने किया स्पष्ट

## बैंकों को निष्क्रिय जन धन खातों को बंद करने का निर्देश नहीं दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले वित्तीय सेवा विभाग ने स्पष्ट किया है कि उसने बैंकों को निष्क्रिय पड़े प्रधानमंत्री जन धन योजना खातों को बंद करने के संबंध में कोई निर्देश नहीं दिया है।

वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक वक्तव्य जारी कर मीडिया में आयी उन खबरों का खंडन किया जिनमें बैंकों को निष्क्रिय पड़े प्रधानमंत्री जन धन योजना खातों को बंद करने का निर्देश देने की बात कही गयी है। वित्तीय सेवा विभाग ने स्पष्ट किया है कि उसने बैंकों को इस तरह का निर्देश नहीं दिया है।

वक्तव्य में कहा गया है कि विभाग ने एक जुलाई से पूरे देश में जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना खातों की संख्या बढाने के लिए तीन महीने का अभियान शुरू किया है। बैंक इस अभियान के दौरान सभी देय खातों का दोबारा 'केवाईसी' भी करेंगे। वित्तीय सेवा विभाग ने कहा है कि वह निष्क्रिय जन धन खातों की संख्या की निरंतर निगरानी करता है। बैंकों को सलाह दी गई है कि वे खातों का संचालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित खाताधारकों से संपर्क करें। वक्तव्य के अनुसार जन धन खातों की कुल संख्या लगातार बढ़ रही है और निष्क्रिय खातों खातों के बड़े पैमाने पर बंद होने की बात विभाग के संज्ञान में नहीं आई है।

**जन धन खातों की कुल संख्या लगातार बढ़ रही**

### मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में नर्मदापुरम संभाग में भारी बारिश की चेतावनी जारी की

# नर्मदापुरम संभाग में झमाझम बारिश, अगले 24 घंटे में भी अतिभारी वर्षा की चेतावनी

**इटारसी, देशबन्धु।** इटारसी। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में नर्मदापुरम संभाग में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। पिछले एक पखवाड़े से संभाग में मानसून सक्रिय है और कहीं-कहीं तेज तो कहीं रिमझिम बारिश हो रही है। करीब एक पखवाड़े से कई जगह बादलों से आसमान ढंका होने से सूरज नहीं निकला। सोमवार को नर्मदापुरम जिले की सभी तहसीलों में जोरदार बारिश होने से सड़कें, गलियां जलमग्न हो गयीं और प्रशासन को सड़क पर उतरना पड़ा। मध्यप्रदेश मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटे में नर्मदापुरम संभाग के नर्मदापुरम, बैतूल और हरदा जिलों में कुछ स्थानों पर अतिभारी वर्षा/झंझावत के साथ वज्रपात/ 30-40 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से झोंकेदार हवाएं चलने का आरेंज अलर्ट जारी किया है। संभाग में अधिकांश स्थानों पर वर्षा या गरज-चमक के साथ बौछारों का मौसम रहने की भी



संभावना जतायी है।

## कहां, कितनी बारिश हुई

पिछले चौबीस घंटे में सबसे अधिक 190 मिमी वर्षा सोहागपुर में दर्ज हुई है। इसके बाद पिपरिया 132 मिमी, डोलरिया 114.4 मिमी, इटारसी 109.2 मिमी, बनखेड़ी 197.4 मिमी, माखननगर 83 मिमी, पचमढ़ी 64.2 मिमी, सिवनी मालवा 39 मिमी और नर्मदापुरम 36.5 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

## अब तक हुई वर्षा

सोहागपुर में 497 मिमी, पिपरिया 491 मिमी, डोलरिया 344.1 मिमी, इटारसी 313 मिमी, बनखेड़ी 658.6 मिमी, माखननगर 241 मिमी, पचमढ़ी 474 मिमी, सिवनी मालवा 241 मिमी और

## तवा बांध में बढ़ रहा पानी

तवा बांध में भी तेजी से पानी बढ़ रहा है। महज चार घंटे में करीब दो फुट जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। पचमढ़ी, बैतूल और तवा बांध के कैचमेंट एरिया में होने वाली बारिश से बांध के जलस्तर में इजाफा होता है। पिछले चौबीस घंटे में पचमढ़ी में 64.2 मिमी, बैतूल में 46.6 मिमी और तवा के कैचमेंट एरिया में सुबह 9 बजे तक 12.40 मिमी वर्षा हुई थी।

## विभिन्न बांधों का जलस्तरतवा बांध 1139.10 फिट सुबह 10 बजे

बरगी बांध 419.30 मीटर सुबह 8 बजे बारना बांध 344.87 मीटर सुबह 8 बजे नर्मदा सेठानी घाट 946.20 फिट सुबह 8 बजे ऐसी होती रही बारिश तो खोले जा सकते हैं तवा बांध के गेट।

## पचमढ़ी में 9 घंटे में 130 मिमी वर्षा, तवा में तेजी से आ रहा पानी



**इटारसी, देशबन्धु।** तवा बांध में तेजी से पानी आ रहा है। हर घंटे एक फिट पानी बढ़ रहा है। ऐसे ही पानी की रफ्तार बनी रही तो कल यानी बुधवार की शाम तक तवा बांध के गेट खुलने की स्थिति बन सकती है। हालांकि यह बारिश और बांध में आने वाले पानी की मात्रा पर निर्भर करेगा। आज पचमढ़ी में महज 9 घंटे में 130 मिमी वर्षा हुई, बैतूल में 27.2 मिमी और तवा के कैचमेंट एरिया में भी 134.50 मिमी वर्षा हुई है। ऐसे में बांध के जलस्तर में हर घंटे करीब एक फिट पानी की बढ़ोतरी हो रही है। बांध प्रबंधन को 31 जुलाई तक बांध का जलस्तर 1158 फिट रखना है। आज मंगलवार की शाम 8 बजे बांध का जलस्तर 1146.40 फिट था। यानी गवर्निंग लेबल से यह महज 11 फिट कम है, कल भी बारिश का यही हाल रहा तो निर्धारित गवर्निंग लेबल तक पानी पहुंच जाएगा। इसके बाद भी बारिश जारी रहने तथा पानी आने की रफ्तार में तेजी होने पर बांध प्रबंधन गेट खोलने का निर्णय ले सकता है।

### ऐसे बढ़ा जलस्तर

सुबह 6 बजे 1137.80 फिट
सुबह 8 बजे 1138.40 फिट
सुबह 10 बजे 1139.10 फिट
सुबह 12 बजे 1140.00 फिट
सुबह 01 बजे 1140.70 फिट
सुबह 02 बजे 1141.30 फिट
सुबह 03 बजे 1142.30 फिट
शाम 04 बजे 1142.80 फिट
सुबह 05 बजे 1143.70 फिट
शाम 06 बजे 1144.70 फिट
शाम 07 बजे 1145.70 फिट
शाम 08 बजे 1146.40 फिट

तवा बांध में कब कितना पानी रखना
31 जुलाई 1158 फिट
15 अगस्त 1160 फिट
31 अगस्त 1163 फिट
15 सितंबर 1165 फिट
30 सितंबर 1166 फिट
इन तिथियों तक इस जलस्तर से अधिक पानी बांध में आता है और आगामी दिनों में तेज बारिश की संभावना बनी रहती है तो बांध के गेट खोलकर पानी छोड़ा जा सकता है।

### इनका कहना है...

पचमढ़ी और तवा के कैचमेंट एरिया में भारी वर्षा हुई है, जिससे बांध में पानी तेजी से आ रहा है। जहां तक गेट खोलने का सवाल है तो यह परिस्थितियों पर निर्भर करेगा, जब निर्णय लिया जाएगा, बता दिया जाएगा।

**एनके सूर्यवंशी, एसडीओ तवा**

## जान जोखिम में डालकर नाला पार कर रहे ग्रामीण, सुरक्षा इंतजाम नहीं

**सोहागपुर, देशबन्धु।** इन दिनों नगर सहित आसपास पिछले तीन दिनों से भारी बरसात हो रही है। भारी बारिश से सभी काम काज अटक गए हैं लेकिन जरूरी काम के लिए लोगों को विवश होकर जाना ही पड़ता है। जिसके चलते सुहागपुर विकासखंड के ग्राम खड़ादेवरी में गांव के बीच में से बहने वाला नाला उफान पर है जिसके कारण लोग आने जाने के लिए जान जोखिम में डालकर तेज बहाव के बीच में रस्सी के सहारे नाला पार कर रहे हैं यहां सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है पुलिस प्रशासन को कोई जानकारी नहीं है जरा सी लापरवाही जनहानि में बदल सकती है ग्रामीण इसे हंसी मजाक में लेते हुए नाला पार कर रहे हैं जो काफी घातक हो सकता है । नागरिकों ने सुरक्षा इंतजाम करने का कहा।

### स्कूल में छोटे बच्चों की लगती है क्लास, छुट्टी के चलते दुर्घटना टली

## भारी बरसात और हवा के चलते सेंट पैट्रिक स्कूल का गिरा पेड़

**सोहागपुर, देशबन्धु।** सोहागपुर नगर के बीच में स्थित सेंट पैट्रिक स्कूल यहां पर छोटे बच्चों की नर्सरी से के जी टू तक क्लास लगती हैं वहां मैदान में लगा एक बड़ा पेड़ जोरदार बरसात और हवा के कारण मंगलवार को गिर गया देव योग से प्रशासन के द्वारा मंगलवार को बरसात के कारण छुट्टी घोषित कर दी गई थी जिसके कारण बच्चे स्कूल नहीं पहुंचे थे वरना बड़ी अनहोनी हो सकती थी आसपास ही बच्चों के माता-पिता और उनके वहां खड़े रहते हैं उनका नुकसान भी होता।



## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

## रामशंकर सोनकर अजाजविप के नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष बने



**इटारसी, देशबन्धु।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति विकास परिषद, नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मगरिया की सहमति से राष्ट्रीय कोर कमेटी ने रामशंकर सोनकर को संगठन का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी यह नियुक्ति सामाजिक कार्य में विशेष योगदान देखते हुए नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष पर पद पर की गई है। सोनकर को जिला अध्यक्ष बनने पर ईस्ट मित्रों द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

## प्रेस मीडिया कार्यालय का शुभारंभ, राकेश को दी जिम्मेदारी

**बैतूल, देशबन्धु।** फ प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के जिला कार्यालय का भव्य शुभारंभ बैतूल शहर के इटारसी रोड स्थित कस्तूरी बाग, हनुमान मंदिर के पास संपन्न हुआ। प्रदेशभर में अपनी सक्रियता और प्रभाव के लिए पहचान बना चुका यह संगठन अब बैतूल जिले में भी पत्रकारों के अधिकारों, समस्याओं और कल्याण के लिए कार्य करेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष राकेश सिंह ने फीता काटकर कार्यालय का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में आए 32 आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सोजन सिंह रावत एवं अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए 32 आवेदनों पर सुनवाई की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही पिछली जनसुनवाई में आए आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी भी ली। जनसुनवाई में सिटी मजिस्ट्रेट बृजेन्द्र रावत, डिप्टी कलेक्टर डॉ बबिता राठौर सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ई अटेंडेंस को लेकर मामला गर्म, अतिथि शिक्षकों ने भी किया विरोध

**बैतूल, देशबन्धु।** ई-अटेंडेंस व्यवस्था को लेकर अतिथि शिक्षक भी विरोध की आवाज़ बुलंद कर रहे हैं। अतिथि शिक्षक संघ ने भी इस नियम के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए ज्ञापन सौंपा। अतिथि शिक्षक गौरव, कुमारी प्रीतमा, सुनीता सूर्यवंशी, गुणवंत पंडोले, सौरभ सहित अन्य शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि पहले ही उन्हें अस्थायी रूप से कार्य दिया जाता है, ऊपर से अब ई-अटेंडेंस का दबाव है।

# अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत पौधरोपण एवं संगोष्ठी का आयोजन

**इटारसी, देशबन्धु।** 01 जुलाई 2025 से 06 जुलाई 2025 तक अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में समिति, जमानी, गोंचीतरोंदा, तहसील इटारसी में पौधरोपण एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर शाखा प्रबंधक संतोष पटेल की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। कायक्रम के अंतर्गत समिति परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति जन-जागरूकता का संदेश दिया। संगोष्ठी में स्थानीय किसानों, सदस्यों एवं युवाओं ने उत्साह से भाग लिया। शाखा प्रबंधक संतोष पटेल एवं सहकारिता विस्तार अधिकारी हितेश साहू ने बताया कि सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में सहकारिता की महती भूमिका है। सहकारिता एक ऐसा माध्यम है, जो सामाजिक समावेशन, आर्थिक समानता और सामूहिक प्रयास को सशक्त करता है ।उन्होंने यह भी बताया कि सहकारी आंदोलन को सशक्त बनाने हेतु नवाचार के नए आयामों को अपनाते हुए युवाओं को नेतृत्व में आगे लाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे कि सहकारिता एक आधुनिक, प्रगतिशील और प्रभावी प्रणाली के रूप में विकसित हो सके। कार्यक्रम के दौरान समिति में नवीन सदस्यों का पंजीयन भी किया गया।

# मां नर्मदा स्कूल में मनाया गया स्थापना दिवस

**इटारसी, देशबन्धु।** इटारसी मां नर्मदा स्कूल में स्थापना दिवस महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में निर्मल सिंह राजपूत, पार्षद एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने माता सरस्वती व गणेश भगवान की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन किया।




वाइस प्रिंसिपल साक्षी भारद्वाज ने कार्यक्रम की प्रासंगिता एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला। स्कूल संचालक दीपक अग्रवाल ने मां नर्मदा स्कूल की 2008 से अभी तक की उन्नति की यात्रा को विस्तृत रूप से रखा। इस वर्ष से प्रारंभ विशेष रूप से तैयार खेल मैदान व अन्य सुविधाओं के साथ-साथ कराए जाने वाली विभिन्न एक्टिविटी के बारे में बताया। स्कूल के बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें कक्षा नर्सरी से सातवीं तक के सभी बच्चे सम्मिलित हुए। कक्षा नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के बच्चों द्वारा सुंदर कविताएं प्रस्तुत की गयी।
कक्षा पहली से तीसरी तक के बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किया एवं कक्षा चौथी से सातवीं तक के बच्चों ने स्कूल चले हम नृत्य प्रस्तुत किया। इन प्रस्तुतियों को देखने आए अभिभावकों एवं अतिथियों ने बहुत इंजॉय किया। मुख्य अतिथि निर्मल सिंह राजपूत ने संतुलित आहार व्यायाम बच्चों के बौद्धिक विकास एवं बच्चों की उन्नति में अभिभावकों का क्या रोल होना चाहिए, इस पर अपने विचार रखते हुए मां नर्मदा स्कूल को एक आदर्श स्कूल के रूप में कार्य करने पर बधाई प्रेषित की। स्कूल संचालक श्रीमती अनीता अग्रवाल एवं प्राचार्य कृति अग्रवाल ने भी बच्चों को आशीर्वाद देकर अतिथि एवं अभिभावकों का आभार प्रदर्शन किया।

## टीआरएम स्कूल, पुरानी इटारसी के विद्यार्थियों ने देखी शिक्षाप्रद फिल्म 'सितारे जमीं पर'

**इटारसी, देशबन्धु।** टीआरएम स्कूल, पुरानी इटारसी के विद्यार्थियों ने गोल्डमार्क सिनेप्लेक्स में 'सितारे ज़मीं पर' फिल्म देखी। 150 से अधिक विद्यार्थियों के साथ शाला संचालिका सुश्री रश्मा भाटिया एवं सभी शिक्षिकाएं इस शिक्षाप्रद फिल्म की स्क्रीनिंग में मौजूद रहीं। इस फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों ने जाना कि सिनेमा केवल पर्दे की कहानी नहीं, समाज को देखने का आईना भी हो सकती है। एक वाक्य जिससे बच्चों ने बहुत कुछ सीखा वह है 'सबका अपना-अपना नॉर्मल।' यही वह वाक्य है, जो आज की दुनिया को सुनने की सबसे ज्यादा जरूरत है कि हर व्यक्ति अपने आप में अलग है। फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों ने संवेगात्मक विकास के पहलू भी सीखे जिसमें सबसे अहम हर परिस्थिति में खुश रहना और हार नहीं उसे दूसरे नंबर पर जीतना कहना जैसे अधिगम भी सीखे।



## कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने जल भराव की समस्या को लेकर की सीएमओ से मुलाकात, की चर्चा

**इटारसी, देशबन्धु।** नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी द्वारा शहर में महज एक दिन की बारिश में भारी जलभराव एवं ड्रेनेज सिस्टम के फेल होने के चलते आमजन को हो रही परेशानी के चलते आज नपा सीएमओ से मुलाकात की एवं जल्द से जल्द समस्या निराकरण के लिए कहा।



इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, वरिष्ठ पार्षद धर्मदास मिहानी, अमित कापरे, पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना सिद्दीकी, मनीष चौधरी, अभिषेक ओझा, अभिषेक साहू, गोल्डी बैस, सौम्य दुबे, प्रणय मिश्रा, राहुल दुबे, दिनेश बलोरिया, किसन मंटू ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## मंगल दिवस गोद भराई का आयोजन, बताई बच्चों को स्वस्थ रखने की बात



**इटारसी, देशबन्धु।** आज 8 जुलाई 2025 को मंगल दिवस का आयोजन वार्ड 18 केंद्र 132 में सामूहिक रूप से किया। इस कार्यक्रम में तीन गर्भवती महिला की गोद भराई की। प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती दीप्ति शुक्ला एवं अटल बाल पालक श्रीमती राखी दुबे ने महिलाओं की गोद भराई की। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडली लक्ष्मी योजना एवं गर्भवती को केवल स्तनपान एवं अन्य स्वस्थ एवं पोषण संबंधी समझाइश परियोजना अधिकारी द्वारा दी गई। अटल बाल पालक श्रीमती राखी दुबे ने आंगनवाड़ी को पंखा, चटाई, बच्चों का झूला दान दिया। आंगनवाड़ी भवन मालिक श्रीमती अर्चना तिवारी का विशेष योगदान रहा। वार्ड की कार्यकर्ता राधा मालवीय, आरती सत्संगी, कल्पना पटेल, शीला बड़गोत्रि एवं सहायिका ललिता, संगीता चौधरी एवं वार्ड की अन्य महिला उपस्थिति रहीं।

### छीपाबड़ थाने के ग्राम कुड़ावा निवासी युवक ने सुनाई अपनी व्यथा, पुलिस ने समझाया

# पत्नी से परेशान युवक ने थाने में जाकर लगाई पुलिस से गुहार: साहब, मुझे बचा लो, मेरी जान को है उससे खतरा

**खिरकिया, देशबन्धु।** छीपाबड़ थाना क्षेत्र के ग्राम कुड़ावा निवासी शंकर सिंह राजपूत ने अपनी पत्नी के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में शिकायती आवेदन दिया है। पीड़ित ने कहा कि उसे अपनी जान का खतरा है और उसके खिलाफ साजिश रची जा रही है। शंकर सिंह ने आवेदन में बताया कि उसका विवाह 9 नवंबर 2005 को हिंदू रीति-रिवाज से ग्राम कुड़ावा में हुआ था। शुरूआती कुछ वर्षों तक पत्नी का व्यवहार सामान्य रहा, लेकिन वर्ष 2018 के बाद से वह छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा करने लगी और मारपीट करने लगी। इससे परेशान होकर शंकर सिंह इंदौर में नौकरी करने चला गया। उसने बताया कि जब वह




रोजाना काम पर चला जाता था, तब उसकी पत्नी घर पर अकेली रहती थी और बच्चों के स्कूल चले जाने के बाद भी उसका व्यवहार संदेहास्पद थापीड़ित को शक है कि उसकी पत्नी के किसी अन्य व्यक्ति से अवैध संबंध हैं। इसी को लेकर जब उसने बाणगंगा थाना, इंदौर में शिकायत दर्ज करवाने की कोशिश की तो पुलिस ने मामला आपसी बताकर शिकायत लेने से इनकार कर दिया। शंकर सिंह ने आरोप लगाया कि इंदौर में कुछ लोग उसका रास्ता रोककर गाली-गलौच करते हैं और शहर छोड़ने की धमकी देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उसे जान से मारने की साजिश रची जा रही है और उसकी मां व भाई को भी फोन कर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी जा रही है, जबकि उनका इस मामले से कोई संबंध नहीं है।

### थाना प्रभारी का बयान

एसएसआई राजेन्द्र मीणा, थाना छीपाबड़ ने बताया, पीड़ित का शिकायती आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध संबंध का मामला

उसने बताया कि जब वह रोजाना काम पर चला जाता था, तब उसकी पत्नी घर पर अकेली रहती थी और बच्चों के स्कूल चले जाने के बाद भी उसका व्यवहार संदेहास्पद थापीड़ित को शक है कि उसकी पत्नी के किसी अन्य व्यक्ति से अवैध संबंध हैं।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### रसगुल्ला और साड़ी भेंट करने के बाद जगन्नाथ को मिला मंदिर में प्रवेश

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** रथयात्रा के दौरान जगन्नाथ भगवान से रूठी माता लक्ष्मी ने आज भगवान के मंदिर प्रवेश के दौरान द्वार बंद कर दिए। भगवान ने उन्हें मानने केलिए कई तरह के प्रयत्न किए, जब वे नहीं मानी तो उन्हें रसगुल्ला और साड़ी भेंट की। उसके बाद ही उन्होंने मंदिर में प्रवेश होने दिया। यह लीला मंगलवार को अखंड मंडलेश्वर धाम डोंगरवाड़ा में भगवान के मंदिर प्रवेश के दौरान हुई। जगन्नाथ मंदिर में मंगलवार को 27 जून से चल रहे रथयात्रा महोत्सव का समापन भगवान के पुनः मंदिर में प्रतिष्ठित होने के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान भक्तों में भारी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में ठाकुर राजा डा आशुतोष शर्मा, मंदिर के अर्चक बाबाजी प्रसाद दास, समिति के अध्यक्ष अजय रथ, सदस्य दिव्य जीत राय, प्रमोद शर्मा, अमित माहेश्वरी सहित अन्य भक्त ओर डोंगरवाड़ा के श्रद्धालु थे।

### कलेक्टर ने किया रिकार्ड रूम का निरीक्षण, दिए जरूरी दिशा निर्देश



**हरदा, देशबन्धु।**, शासन के निर्देश अनुसार प्रदेश के जिलों के राजस्व रिकार्डों का डिजिटलाइजेशन किया जाएगा। प्रथम चरण हरदा सहित 12 जिलों का राजस्व रिकार्डों का डिजिटलाइजेशन किया जाएगा। इस संबंध में मंगलवार को राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव विवेक पोरवाल ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को आवश्यक निर्देश दिये है। इसी क्रम में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित रिकार्ड रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व संजीव नागु सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सेवा सप्ताह के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम में लगाए फलदार पौधे



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नर्मदापुरम नगर द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत नगर की 12 बस्तियों में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से किए गए इस पुनीत कार्य में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आमजन को भी वृक्षारोपण के प्रति प्रेरित किया। यह आयोजन सेवा, सुरक्षा और संस्कार के भाव को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा इस कार्यक्रम में जिला संयोजक नितिन मेषकर, नगर उपाध्यक्ष प्रखर राज शर्मा, नगर सह संयोजक राहुल बड़कुल, इंदल रैकवार,विशाल रैकवार,कपिल यादव, सुनील यादव, चेतन रैकवार, सोनू वर्मा, मनीष चौकसे, अरुण मेहरा, विक्रम पासी एवं 12 बस्तियों के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### एक पेड़ मां के नाम किया पौधरोपण लोगों को दिलाया पर्यावरण संकल्प

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विगत दिनों पं. भवानी प्रसाद पार्क में नगरपालिका परिषद और जन अभियान परिषद द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण पं. भवानीप्रसाद मिश्र पार्क में किया गया। इस अवसर पर उपयंत्री रीना गुप्ता, सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा, पार्षद बिंदिया मांझी, संतोष मांझी, सौरभ वर्मा, अमित नामदेव आदि उपस्थित थे।

## तेज बारिश में लगातार चलता रहा अभियान, नगरपालिका की टीम ने संभाला मोर्चा

# सवालः आग लगने पर ही क्यों कुआं खोदा जाता? पहले क्या होता रहा





**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नगरपालिका की टीम ने बरसते पानी में समूचे नगर का मोर्चा संभाले रखा है। जल भराव की समस्या से संबंधित जहां-जहां से काल्स आते गए टीम ने पहुंचकर वहां समस्या का समाधान किया और लोगों को राहत प्रदान की गई।

स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर तेज बारिश में भी लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जहां जहां नाले नालियों में जल निकासी की समस्या आ रही थी वहां जेसीबी भेजकर जल निकास सुचारू कराई गई। स्वच्छता निरीक्षक श्री तिवारी ने बताया कि भीलपुरा पंप हाउस नाला, मटन मार्केट वाला नाला, फेफरताल स्कूल में, पीएचई आफिस के पीछे आदि स्थानों पर तेज बारिश के कारण जल भराव की समस्या का समाधान किया गया।

### कंचन नगर नाले का किया चौड़ीकरण

वार्ड क्रमांक 21 में कंचन नगर नाले के कारण जल भराव की समस्या उत्पन्न हो रही थी। पार्षद प्रतिनिधि रोहित गौर ने बताया कि नाले के ओवर फ्लो होने से लोगों के घरों तक पानी पहुंचने लगा था। इसकी सूचना तत्काल नगरपालिका में दी गई उन्होंने जेसीबी भेजकर नाले का चौडीकरण किया जिसके बाद जल निकासी सुचारू हुई। त्वरित समस्या का समाधान हो जाने पर वार्डवासियों ने समूची नपाध्यक्ष श्रीमती यादव का आभार व्यक्त किया।

### नालों पर बेरिकेटिंग कराई गई

श्री तिवारी ने बताया कि भारी बारिश के चलते जहां पुल पुलिया उफान मार रहे थे वहां पर नगरपालिका की टीम द्वारा सुरक्षार्थ बेरिकेटिंग कराई गई है। जिसमें प्रमुख रूप से आदमग? पुलिया और कंचन नगर का नाला शामिल है। साथ ही नगरपालिका की टीम द्वारा वहां समझाइश भी दी गई अगर नाले नालियां ओवर फ्लो हो रही हो तो उसे पार न करें। अतिक्रमण दल भी सक्रिय है।

### बाढ़ राहत शिविरों में व्यवस्था बढ़ाई

स्वच्छता निरीक्षक श्री तिवारी ने बताया कि नगर में बनाए गए बाढ राहत शिविरों में नपाध्यक्ष और सीएमओ के निर्देश पर व्यवस्थाएं बढाई गई हैं। सभी बाढ राहत शिविरों में समुचित व्यवस्था कराई गई है। निचले क्षेत्रों भीलपुरा, आदमगढ, संजय नगर, महिमा नगर में लगातार मुनादी कराई जा रही है। बारिश से किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो वे तत्काल बा? राहत शिविरों में जाकर रुक सकते हैं।

### नपा की टीम सक्रिय, सहयोग करें

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने नगर के समस्त नागरिकों से आग्रह किया है कि मप्र में तेज बारिश का दौर जारी है, सभी लोग सावधान रहें। निचले क्षेत्रों में सुरक्षार्थ मुनादी कराई जा रही है। नगरपालिका की टीम सक्रिय हैं और लगातार फील्ड पर कार्य कर रही है। जल निकासी की समस्या को दूर किया जा रहा है। बाढ़ राहत शिविर बनाए गए हैं जहां समुचित व्यवस्था की गई है। जल भराव की स्थिति में या बाढ़ की स्थिति में नागरिक राहत शिविरों में पहुंच सकते हैं।

## छोटी पहाड़िया जाना जटिल, दो सौ मीटर हिस्सा जर्जर, किया प्रदर्शन

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** चक्कर रोड मालाखेड़ी से लेकर समेरिटंस स्कूल तक जर्जर हाल सड़क की सालों पुरानी समस्या को लेकर मंगलवार को विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों ने सड़क पर प्रदर्शन किया और बाद में एक ज्ञापन जनसुनवाई में दिया। ज्ञात रहे कि चक्कर रोड से छोटी पहाड़िया जाने वाले इस रोड का करीब दो सौ मीटर का हिस्सा कई सालों से जर्जर है। बारिश के दौरान इस मार्ग की हालत और अधिक खराब हो जाती है। खराब सड़क के चलते प्रतिदिन हादसे हो रहे हैं। नपा को कई बार आवेदन देने के बाद भी नगर पालिका द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आए दिन बच्चे हादसों का शिकार हो रहे हैं।



### विद्यालय प्रबंधन डलवा रहा मलबा

बच्चों और अभिभावकों की समस्या को देखते हुए हर साल समेरिटंस विद्यालय प्रबंधन मलबा डलवाकर मार्ग को ठीक करने का प्रयास करता है लेकिन भारी वाहनों की आवाजाही से वह ठीक नहीं हो पाता।

### सालों से सिर्फ आश्वासन

इस समस्या के बारे में नपा के अधिकारी और जनप्रतिनिधि मात्र आश्वासन ही दे रहे हैं। समस्या की ओर ध्यान दिलाने पर यही कहा जाता है कि रोड स्वीकृत हो गया हे, लेकिन कब बनेगा यह कोई नहीं बताता।

## जिम्मेदार अधिकारियों को जगाने के लिए श्री समर्पण श्री ने सड़कों पर हो रहे गड्ढों में रोपे पौधे

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जैसा कि आप सभी को विदित है कि श्री समर्पण श्री हमेशा जन समस्याओं को लेकर लगातार प्रशाशन के खिलाफ गांधीवादी तरीके से आंदोलन करती आ रही है, इसी तारतम्य में जिम्मेदार अधिकारियों को उनका कर्तव्य याद दिलाने के लिए आज श्री समर्पण श्री द्वारा गड्ढों में पौधे रोपे गए, नगर में लगातार सड़कों की हालत जर्जर है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है श्री समर्पण श्री अधिकारियों से पूछना चाहती है कि आखिर जब रोड का निर्माण होता है तो उस समय रोड निर्माण की क्वालिटी में ध्यान क्यों नहीं दिया जाता, रोड निर्माण होने के कुछ महीने में ही रोड उखड़ने लगती है और बारिश आते



आते रोड गड्ढों में तब्दील हो जाती है और फिर मेंटेनेंस के नाम पर हर साल आम जनता का टैक्स का पैसा रोड निर्माण में लगा दिया जाता है और फिर बारिश आने पर वो रोड भी उखड़ जाती है फिर से जनता का करोड़ों रुपए मेंटेनेंस में लग जाता है, आखिर कब तक ठेकेदारों को संरक्षण दिया जाएगा और कब तब कमीशन के चक्कर में खराब रोड का निर्माण होता रहेगा, अभी श्री समर्पण श्री गांधी वादी तरीके से पौधे लगाकर विरोध कर रही है अगर आने वाले समय में रोड के गड्ढे नहीं भरे गए तो समिति उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।कार्यक्रम में स्वदेश सैनी, अतुल जोशी, विशाल चावरिया, राज खिलारे, रजत रामहरिया, दिव्यांश राजोरिया, संदीप खिलारे, अनुज सोनी, पीयूष मीना, दीपक मंडरे, प्रियांशु सैनी, दक्ष स्वामी, शिवांशु लोवंशी, तनिष्क सैनी, निरुपम शर्मा, अयान कुरैशी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे ।

## स्मृति चिन्ह भेंट कर कर्तव्य परायण एसडीओपी को दी विदाई



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** संयुक्त माली सैनी सामाजिक कल्याण समिति एवं नव अंकुर संस्था द्वारा नगर में पदस्थ सब डिवीजन पुलिस ऑफिसर नर्मदापुरम पराग सैनी का स्थानांतरण नर्मदापुरम से इंदौर हो जाने पर माली सैनी समाज एवं नव अंकुर संस्था द्वारा अभिनंदन कर विदाई समारोह संस्था के सभागार में आयोजित किया गया जिसमें माली सैनी समाज के संरक्षक वरिष्ठ समाजसेवी कुंवर सिंह सैनी, रामकृष्ण सैनी, शंकर लाल सैनी सुरेश सैनी, महेश सैनी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न किया गया, सर्वप्रथम संयुक्त माली सैनी सामाजिक कल्याण समिति के अध्यक्ष अजय सैनी द्वारा अभिनंदन पत्र का वाचन किया गया,आपके कर्तव्य परायणता,आस्था,निष्ठा एवं नैतिकता के साथ शहर में महती भूमिका निभाई वह प्रशंसनीय है आपका सामाजिक सरल और सारगर्वित व्यक्तित्व हम सभी के लिए अभिनंदनीय हैं समाज एवं संस्था द्वारा स्मृति चिन्ह एवं अभिनंदन पत्र, शाल, श्रीफल भेंट किया गया एवं कार्यक्रम में सभी साथियों ने फूल माला से पराग सैनी का स्वागत किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज बंधु एवं संस्था के साथी गण मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गोपाल सैनी अनिल सैनी गोविंद सैनी दीपक सैनी शिवम सैनी अभय सैनी अधिवक्ता फिरोज खान सौरभ शर्मा राजू मालवीय मनोज दुबे आजाद, काव्य सैनी.अभिसेक सैनी.मनोज दूबे.सत्यम तिवारी.पीयूष जैन, आफ़रीद ख़ान .अनिकेत पचौरी, अभिषेक चौकसे, सार्थक जैन .राम राठौर.पर्श जैन. कृष्ण गुप्ता ईशान गुप्ता.अथर्व मौर्य .देव साहू.मनीष मिश्रा.चिराग जैन एवं साथी उपस्थित रहे।

## आवारा पशुओं को लेकर प्रशासन हुआ सख्त, कलेक्टर ने दिए साफ निर्देश

**हरदा, देशबन्धु।**, नगरों व विकासखण्डों में सड़कों पर विचरण करने वाले निराश्रित पशुओं को गौशाला भिजवाने की व्यवस्था करें। सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों में एनाउन्समेंट के माध्यम से सभी पशु पालकों को इस संबंध में सूचित करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा कि यदि इस कार्य में कोई समस्या आती है तो मॉनिटरिंग कर उसका निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का संतुष्टीपूर्वक निराकरण करें तथा सीएम हेल्पलाइन के निराकरण के मामले में अपनी रैंक सुधारें। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर



सतीश राय, संजीव कुमार नागु, एसडीएम कुमार शानु देवडिया, महेश बडोले व अशोक डेहरिया सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने कहा कि सभी अधिकारियों अपने अधीनस्थ कार्यालयों में सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करें। उन्होने अधिकारियों को "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधरोपण करने के निर्देश दिए। सभी अधिकारी रोस्टर के आधार पौधरोपण की योजना तैयार कर पौधरोपण कराएं। लगाए गए पौधों के साथ फोटो खींचकर वायुदूत एप पर अपलोड किया जाए। उन्होने कहा कि लगाए गए पौधों की पर्याप्त देखभाल भी की जाए। बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने वर्षा के मौसम में मच्छरजनित बिमारियों की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सभी नगर पालिका अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में फॉगिंग कराने के निर्देश दिये।

बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर तथा कुपोषण की स्थिति में अब तक हुए सुधार की स्थिति की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य विभाग तथा महिला बाल विकास के अधिकारियों को अनमोल एप तथा पोषण ट्रेकर एप के डाटा में एकरूपता लाने के निर्देश दिये।

## सिराली, खिरकिया व हरदा में बीएलओ का प्रशिक्षण, गायब रहने पर दिए गए नोटिस

**हरदा, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत जिला हरदा के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में तहसील मुख्यालयों पर गहन पुनरीक्षण कार्य को ध्यान में रखते हुए बूथ लेवल आफिसरों का प्रशिक्षण 7 से 10 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सतीश राय ने बताया कि मंगलवार को नगर पंचायत सिराली के रैन बसेरा, जनपद पंचायत खिरकिया के सभाकक्ष एवं पॉलिटेक्निक कालेज हरदा में कुल 208 बीएलओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के बाद सभी बीएलओ को ऑनलाईन प्रश्नपत्र हल करने के लिये दिये गये। प्रशिक्षण में संबंधित ईआरओ, एईआरओ एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में अनुपस्थित बीएलओ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये।



## विकास प्रक्रियाओं में बड़ा नवाचार, हरदा का हृदय अभियान बना आदर्श उदाहरण

### राज्य नीति आयोग ने की सराहना

**हरदा , देशबनधु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर विकास प्रक्रियाओं में नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। नवाचारों की श्रंखला में हरदा जिले में स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा का संयुक्त 'हृदय अभियान' आदर्श उदाहरण साबित हुआ। राज्य नीति आयोग ने भी इस अभियान की सराहना की है। जिले के स्वास्थ्य एवं शिक्षा के सूचकांकों में सकारात्मक प्रभाव पढ़ा है।

हरदा जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण तथा शैक्षिक सेवाओं को 'हृदय अभियान' के अंतर्गत माताओं, बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाया गया। सभी हितग्राही माताएँ और 18 वर्ष तक के बच्चों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया गया। मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु के आंकढ़ों में कमी लाने और कुपोषण को कम करने के लिये एक साथ विशेष गतिविधियां चलाई गई। इसके लिए घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर जानकारी प्रदान करना, गर्भवती माताओं को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और बालक-बालिकाओं को पुनः शिक्षा से जोढ़ने जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियां चलाई गई। ऐसे गांवो का चयन किया गया जिनके स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा संबंधी सूचकांक पिछले कुछ वर्षों में न्यूनतम रहे।

### कैसे हुई हृदय अभियान की शुरुआत

जिले में नवाचार के रूप में कुपोषण मुक्त करने और जनजातीय क्षेत्र में शिक्षा तथा स्वास्थ्य की सुविधाओं की पहुंच बच्चों और महिलाओं तक बढ़ाने के उद्देश्य से हृदय अभियान चलाया गया। दूर दराज के 50 गांवों



को चिन्हित किया गया, जिनमें गर्भवती माताओं और बच्चों की समस्या दूसरे गांवों की अपेक्षा ज्यादा थी। स्वास्थ्य, महिला बाल विकास और स्कूल शिक्षा विभागों का संयुक्त सर्वे कराया गया। संयुक्त दल ने डोर-टू-डोर सर्वे कर रिपोर्ट दी। गर्भवती माताओं का पंजीयन, टीकाकरण आदी पर जानकारी दी गई।

### स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान का प्रथम चरण 22 जुलाई से चलेगा

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** प्रदेश के साथ साथ नर्मदापुरम जिले में स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान का प्रथम चरण 22 जुलाई से 16 सितंबर 2025 तक संचालित किया जायेगा। अभियान की शुक्रवार को जिला प्रशिक्षण केन्द्र में सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला हुई। सीएमएचओ ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उददेश्य बाल एवं शिशु मृत्यू दर में कमी लाना, बाल्यकालीन बीमारियों की रोकथाम एवं 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाएं देना प्रमुख है। एम्स भोपाल से आये कन्सलटेंट मनोज चौहान ने पीपीटी के माध्यम से बताया कि नर्मदापुरम जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 144209 बच्चों की दस्तक दल द्वारा 22 जुलाई से 16 सितंबर 2025 तक आँगनवाड़ी केन्द्रों में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के दिन स्वास्थ्य स्कीनिंग की जायेगी। जिसके तहत बच्चों में बाल्यकालीन बीमारियों जैसे दस्त, निमोनिया, एनीमिया एवं कुपोषण से प्रभावित बच्चों को चिन्हांकित कर संस्था में प्रबंधन किया जायेगा। आशा एवं मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम स्तर पर दस्तक अभियान से संबंधित नारे लेखन करवाकर ग्राम में प्रचार प्रसार किया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यशाला में डीपीएम कविता भोई, सीबीएमओ डॉ आर एस मीना. डॉ रेखा गौर, डॉ. अक्षय रघुवशी, सुनील साहू एमपीडब्ल्यू मीडिया शाखा,एमएंडई अनुष्का मालवीय, विकासखंडों से मेडिकल ऑफीसर, बीपीएम, बीसीएम, डाटा कम्प्यूटर ऑपरेटर व अन्य उपस्थित रहे।

## खराब बीज देने का मामला पहुंचा जनसुनवाई में, होगी जांच

**हरदा, देशबन्धु,** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित 'जनसुनवाई' कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, सुश्री रजनी वर्मा एवं संजीव नागू के साथ-साथ एसडीम हरदा कुमार शानू देवडिया, एसडीएम टिमरनी महेश बडोले, एसडीएम खिरकिया अशोक डहेरिया सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे।



जनसुनवाई में हंडिया के ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री जैन को आवेदन देकर फोकटपुरा मोहल्ले में कीचड एवं गंदगी होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने जनपद पंचायत हरदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ग्रामीणों की समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिये। ग्राम हंडिया निवासी गोपाल इवने ने बताया कि उसे पत्नि की मृत्यु के बाद अभी तक संबल योजना व अंत्येष्टी सहायता योजना की राशि प्राप्त नहीं हुई है, जिस पर उन्होने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। भुन्नास निवासी अखिलेश भाटी ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा किये जा रहे पुलिया निर्माण के कारण उसकी भूमि डूब रही है।

### 9 जुलाई को अवकाश रहेगा

**नर्मदापुरम।** जिले में लगातार हो रही अतिवृष्टि को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिगत कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, नवोदय, सी.बी.एस.ई. एवं केंद्रीय बोर्ड से संबद्ध प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में दिनांक 09 जुलाई 2025 (बुधवार) को केवल विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार यदि किसी बोर्ड की परीक्षाएँ पूर्व से निर्धारित हैं तो वे पूर्ववत संचालित की जाएगी।


**Ministry of Culture**
**Government of india**
**Tender Notice**

RFP for comprehensive solution for digital data storage with user-friendly digital repository and web-cum-mobile application along with other tasks specified in the scope of work.

Tender documents can be downloaded from the Ministry of Culture's official website: indiaculture.gov.in and the Central Public Procurement Portal: eprocure.gov.in/eprocure/app.

**Last date for bid submission is 28 July 2025.**

**Cbc 09101/11/0009/2526**

नर्मदापुरम, बुधवार 9 जुलाई 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# छात्रों के साथ अन्याय

इस साल अप्रैल में एक सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि किसी भी देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी पर निर्भर होता है, इसलिए यह जरूरी है कि हम अपने युवाओं के भविष्य के लिए और उन्हें भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करें। इसमें बड़ी भूमिका देश की शिक्षा प्रणाली की भी होती है, इसलिए हम देश की शिक्षा प्रणाली को 21वीं सदी की जरूरतों के मुताबिक आधुनिक बना रहे हैं। जब श्री मोदी यह भाषण दे रहे थे, तब उन्हें देश पर शासन करते 10 साल से अधिक का वक्त गुजर चुका था, लेकिन वे तब भी यही कह रहे थे कि हम ऐसा कर रहे हैं। नरेन्द्र मोदी यह नहीं कह पाए कि हम ऐसा कर चुके हैं। 10 साल तक पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने के दौरान नरेन्द्र मोदी ने कई ऐसे फैसले लिए जो कई दशकों में नहीं लिए जा सके थे। जम्मू-कश्मीर के विभाजन से लेकर राम मंदिर के निर्माण तक भाजपा के घोषणापत्र में दर्ज कई वादों को प्रधानमंत्री मोदी ने पूरा किया और इसी के बूते दावा किया कि उनकी सरकार मजबूत है। लेकिन यह मजबूती शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में क्यों नहीं दिखी, यह बड़ा सवाल है। क्या भाजपा की प्राथमिकता में युवाओं की उच्च शिक्षा और बेहतर रोजगार नहीं है। अगर ऐसा है तो फिर नरेन्द्र मोदी युवाओं के भविष्य और देश के उज्ज्वल भविष्य की जो बातें करते हैं क्या वे बेमानी हैं। ये सवाल इस समय एक और वजह से उठ रहा है। इस साल फरवरी में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने सत्र 2025-26 के लिए राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति (एनओएस) योजना के लिए आवेदन मंगाए थे। मंत्रालय ने बताया था कि यह छात्रवृत्ति विशेष रूप से उन छात्रों के लिए है जो वित्तीय कठिनाइयों के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत चुने गए छात्रों को ट्यूशन फीस, रहने की व्यवस्था, स्वास्थ्य बीमा और यात्रा खर्च जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जिससे वे विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें और अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकें।

यह सब पढ़ने-सुनने में कितना लुभावना लगता है कि मेधावी छात्रों को श्रेष्ठ संस्थानों से शिक्षा हासिल करने का अवसर मिले, इसमें आर्थिक बाधा न आए, इसका ख्याल सरकार रख रही है। कायदे से हर लोककल्याणकारी सरकार की यही जिम्मेदारी भी होती है। लेकिन फिलहाल ये सारी बातें आकाश कुसुम ही साबित हो रही हैं। क्योंकि सत्र 2025-26 के लिए राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति (एनओएस) योजना के लिए पहले दौर में जिन 106 उम्मीदवारों का चयन किया गया है, उनमें केवल शीर्ष 40 छात्रों को ही तुरंत प्रोविजनल पुरस्कार पत्र जारी किए जाएंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने 1 जुलाई को जो अधिसूचना जारी की है, उसके अनुसार, शेष 66 उम्मीदवारों को 'उपलब्ध निधियों के आधार पर' आगे के विचार के लिए रखा गया है। मतलब 66 होनहार छात्रों का भविष्य अब इस बात पर टिका है कि सरकार के पास उन्हें विदेशों में पढ़ाने के लिए फंड है या नहीं। बता दें कि इस छात्रवृत्ति के लिए 19 मार्च से 27 अप्रैल के बीच एनओएस पोर्टल पर कुल 440 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से आवेदनों की जांच के बाद 106 अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जबकि 64 अन्य पात्र होने के बावजूद चयनित नहीं हो सके। मंत्रालय ने कहा कि ये 64 आवेदक विश्वविद्यालयों की वैश्विक (क्यूएस) रैंकिंग, राज्यवार कोटा और श्रेणी-विशेष आरक्षण जैसे कारणों से चयन से वंचित रह गए। वहीं 270 आवेदनों को अयोग्यता, अधूरे दस्तावेज या अन्य कारणों से खारिज कर दिया गया।


जिन्होंने सारे दस्तावेज के साथ आवेदन नहीं किया, उनका खारिज होना तो वाजिब है। मगर जो छात्रवृत्ति पाने के काबिल हैं, उन्हें किसी बहाने से चयन से बाहर करना छात्रों के साथ नाइंसाफी है। और उससे भी बढ़ी नाइंसाफी तो यह है कि जिनका चयन हो गया है, उन्हें सरकार के पास धन न होने के कारण बाहर पढ़ने से रोका जा रहा है। और यह सब उस सरकार में हो रहा है, जो गैरजरूरी चीजों में बेतहाशा पैसे बहा रही है।

अभी दो दिनों में कांवड़ यात्रा शुरु हो जाएगी। इस बार दिल्ली सरकार ने कांवड़ समितियों को 50 हजार से 10 लाख तक का भुगतान करने का फैसला लिया है, कांवड़ यात्रियों को मुफ्त बिजली, शिविर, खाने-पीने आदि की सुविधाएं मिलेंगी और यह सब जनता के दिए टैक्स से ही खर्च होगा। उत्तरप्रदेश में तो योगी सरकार कांवड़ यात्रियों पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसाती है। 2018 में योगी सरकार ने हेलीकॉप्टर से फूल बरसाने पर 14 लाख रूपए खर्च किए थे। अभी जो महाकुंभ लगा था, उस पर 7500 सौ करोड़ रूपए खर्च हुए। पिछले साल राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर 113 करोड़ रुपये खर्च हुए। उससे पहले मंदिर निर्माण पर 1,800 करोड़ रुपये खर्च किए गए। यह सब तो धार्मिक खर्च है। सरकार ने नए संसद भवन समेट पूरे सेंट्रल विस्टा को बनाने में 26 सौ करोड़ लोकतंत्र के नाम पर खर्च कर दिए और अब आलम ये है कि लोक भी रो रहा है और तंत्र भी बर्बाद हो रहा है। इन सारे खर्चों में अगर मामूली कटौती भी की जाती तो करोड़ों छात्रों का भविष्य संवर जाता। सरकारी आयोजनों में ही जो साज-सज्जा की जाती है, मंच को फूलों से सजाने से लेकर वीडियोग्राफी जैसे तामझामों में करोड़ों रूपए बहाए जाते हैं, जिनकी उपयोगिता केवल कुछ घंटों की होती है। अगर उन रूपयों को भी बचा लिया जाए तो देश में अच्छे शिक्षा संस्थान बनाए जा सकते हैं या पहले से बने संस्थानों को इतना अच्छा किया जा सकता है कि बच्चों को बाहर जाकर पढ़ने की मजबूरी ही नहीं रहे। लेकिन फिर वही प्राथमिकता का सवाल आ जाता है।

सरकार की प्राथमिकता में दिखावा है, शिक्षा नहीं है। इसलिए बच्चों के बेहतर भविष्य की बात करने का दिखावा होता है, उसका इंतजाम नहीं राहुल गांधी ने कहा है कि, जब कोई दलित, पिछड़ा या आदिवासी छात्र पढ़ना चाहता है, तभी मोदी सरकार को बजट याद आता है। नेशनल ओवरसीज स्कॉलरशिप में चयनित 106 में से 66 वंचित छात्रों को सिर्फ इसलिए विदेश में पढ़ने की स्कॉलरशिप नहीं दी गई क्योंकि सरकार के पास 'फंड नहीं' है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राओं, प्रचार और इवेंटबाजी पर हजारों करोड़ रुपये बेहिचक खर्च किए जाते हैं। बीजेपी-आरएसएस नेताओं के बच्चों को कहीं पढ़ने पर कोई अड़चन नहीं है। मगर, जैसे ही कोई बहुजन छात्र आगे बढ़ता है, पूरा सिस्टम अड़ंगा लगाने लगता है। ये सिर्फ अन्याय नहीं, भाजपा का खुला बहुजन शिक्षा विरोध है। यही मनुवादी सोच आज फिर से एकलव्य का अंगूठा मांग रही है। मोदी सरकार को यह अमानवीय फैसला तुरंत पलटना होगा और इन 66 छात्रों को विदेश भेजना ही होगा। हम बहुजनों से शिक्षा का यह मौलिक अधिकार छिनने नहीं देंगे।

राहुल गांधी की आपत्ति वाजिब है, लेकिन सरकार को इस अन्याय से कोई फर्क पड़ता नहीं दिख रहा है।

# भारत के लिए चीन ही है सबसे बड़ा खतरा


अनिल जैन

> मई 1998 में वाजपेयी सरकार ने 'पोखरण-2' परमाणु परीक्षण किया था, जिसकी वजह से अमेरिका ने भारत को काली सूची में डाल दिया था। उस विस्फोट के बाद ही एनडीए सरकार के रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडीज़ ने अपने एक चौंकाने वाले बयान में सामरिक दृष्टि से चीन को भारत का दुश्मन नंबर एक करार दिया था। जॉर्ज का यह बयान निश्चित ही ठोस सूचनाओं पर आधारित रहा होगा।

भारत के उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत सिर्फ पाकिस्तान से ही नहीं, बल्कि चीन से भी लड़ रहा था। उन्होंने कहा कि मोर्चे पर पाकिस्तान था, जबकि चीन हथियार और अन्य सहायता मुहैया करा रहा था। नई दिल्ली में फिक्की के 'न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजी' इवेंट' में उपसेना प्रमुख ने एक बड़ा खुलासा यह किया कि चीन ने पाकिस्तान को हथियार दिए और उन हथियारों की टेस्टिंग के लिए भारत को प्रयोगशाला की तरह इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि चीन हमारे हर रणनीतिक कदम का लाइव अपडेट पाकिस्तान के साथ शेयर कर रहा था। भारतीय सेना के उच्च पदस्थ अफसर के इस खुलासे ने एक बार फिर इस तथ्य को गहराई से रेखांकित किया है कि भारत की सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा पहले भी चीन ही था और आज भी चीन ही है। अब तो वह पहले से भी ज्यादा बड़ा खतरा हो गया है, क्योंकि भारत सरकार की कूटनीतिक विफलता के चलते बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, मालदीव आदि दक्षिण एशिया के लगभग सभी देश चीन के पाले में चले गए हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के खिलाफ चीन की जो भूमिका रही है, वह दिवंगत समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडीज की उस चेतावनी की याद दिलाती है, जिसमें उन्होंने चीन को भारत का दुश्मन नंबर एक करार दिया था। बात 27 साल पुरानी है। तब भी केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार थी जिसका नेतृत्व अटल बिहारी वाजपेयी कर रहे थे।

मई 1998 में वाजपेयी सरकार ने 'पोखरण-2' परमाणु परीक्षण किया था, जिसकी वजह से अमेरिका ने भारत को काली सूची में डाल दिया था। उस विस्फोट के बाद ही एनडीए सरकार के रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडीज़ ने अपने एक चौंकाने वाले बयान में सामरिक दृष्टि से चीन को भारत का दुश्मन नंबर एक करार दिया था। जॉर्ज का यह बयान निश्चित ही ठोस सूचनाओं पर आधारित रहा होगा, जो रक्षा मंत्री होने के नाते उन्हें हासिल हुई होंगी। मगर उनका यह बयान कई लोगों को रास नहीं आया था। उनके ही कई साथी मंत्रियों ने उनके इस बयान पर नाक-भौं सिकोड़ी थी। आज की तरह उस समय भी कांग्रेस विपक्ष में थी और उसे ही नहीं, बल्कि एनडीए की नेतृत्वकारी भारतीय जनता पार्टी और उसके पितृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी जॉर्ज का यह बयान नागवार गुजरा था। वामपंथी दलों को तो स्वाभाविक रूप से जॉर्ज की यह साफगोई नहीं ही सुहा सकती थी, सो नहीं सुहाई थी।

यह दिलचस्प था कि संघ और वामपंथियों के रूप में दो परस्पर विरोधी विचारधारा वाली ताकतें इस मुद्दे पर एक सुर में बोल रही थीं, ठीक वैसे ही जैसे दोनों ने अलग-अलग कारणों से 1942 में 'भारत छोड़ो आंदोलन' का विरोध किया था। जॉर्ज के इस बयान के विरोध के पीछे भी दोनों की प्रेरणाएं अलग-अलग थीं। संघ परिवार जहां अपनी चिर-परिचित मुस्लिम विरोधी ग्रंथी के चलते पाकिस्तान के अलावा किसी और देश को भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा नहीं मान सकता था, वहीं वामपंथी दल चीन के साथ अपने वैचारिक बिरादराना रिश्तों के चलते जॉर्ज के बयान को खारिज कर रहे थे। कई तथाकथित रक्षा विशेषज्ञों और विश्लेषकों समेत मीडिया के एक बड़े हिस्से ने भी इसके लिए जार्ज की काफी लानत-मलानत की थी।

जॉर्ज अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन चीन को लेकर उनका आकलन समय की कसौटी पर बीते दो दशकों के दौरान कई बार सही साबित हुआ है। इस समय भी चीन का रवैया जॉर्ज के कहे की तसदीक कर रहा है।

वैसे न तो चीनी खतरा भारत के लिए नया है और न ही उससे आगाह करने वाले जॉर्ज अकेले राजनेता रहे। 2017 में चीन की सेना जब डोकलाम में कई किलोमीटर अंदर तक घुस आई थी, तब संयुक्त मोर्चा सरकार में रक्षा मंत्री रहे मुलायम सिंह यादव ने भी अपने अनुभव के आधार पर चीनी खतरे के प्रति सरकार को आगाह किया था। इस मसले पर लोकसभा में बहस के दौरान मुलायम सिंह ने दो टूक कहा था कि भारत की सुरक्षा को सबसे बड़ा खतरा चीन से ही है और सरकार उसे हल्के में न ले।

दरअसल चीन ने जब तिब्बत पर कब्जा किया था, तब से ही वह भारत के लिए खतरा बना हुआ है। देश को सबसे पहले इस खतरे की चेतावनी डॉ. राममनोहर लोहिया ने दी थी। तिब्बत पर चीनी हमले को उन्होंने 'शिशु हत्या' करार देते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से कहा था कि वे तिब्बत पर चीनी कब्जे को मान्यता न दें, लेकिन नेहरू ने लोहिया की सलाह मानने के बजाय चीनी नेता चाऊ एनलाई से अपनी दोस्ती को तरजीह देते हुए तिब्बत को चीन का अविभाज्य अंग मानने में जरा भी देरी नहीं की। यह वह समय था जब भारत को आजाद हुए महज 11 वर्ष हुए थे और माओ की सरपरस्ती में चीन की लाल क्रांति भी नौ साल पुरानी ही थी। हमारे पहले प्रधानमंत्री नेहरू तब 'समाजवादी भारत' का सपना देख रहे थे, जिसमें चीन से युद्ध की कोई जगह नहीं थी। उधर माओ को पूरी दुनिया के सामने जाहिर करना था कि साम्यवादी कट्टरता के मामले में वे लेनिन और स्टालिन से भी आगे हैं। तिब्बत पर कब्जा उनके इसी मंसूबे का नतीजा था।

इतना सब होने के बावजूद लगभग एक दशक तक भारत-चीन के बीच राजनयिक रिश्ते अच्छे रहे। दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने एक-दूसरे के यहां कई यात्राएं कीं, लेकिन 1960 का दशक शुरू होते-होते चीनी नेतृत्व के विस्तारवादी इरादों ने अंगड़ाई लेना शुरू कर दी और भारत के साथ उसके रिश्ते शीतकाल में प्रवेश कर गए। तिब्बत जब तक आजाद देश था, तब तक चीन और भारत के बीच कोई सीमा विवाद नहीं था क्योंकि तब भारतीय सीमाएं सिर्फ तिब्बत से मिलती थीं। लेकिन चीन द्वारा तिब्बत को हथिया लिए जाने के बाद वहां तैनात चीनी सेना भारतीय सीमा का अतिक्रमण करने लगी। उन्हीं दिनों चीन द्वारा जारी किए गए नक्शों से भारत को पहली बार झटका लगा। उन नक्शों में भारत के सीमावर्ती इलाकों के साथ ही भूटान के भी कुछ हिस्से को चीन का भू-भाग बताया गया था। चूंकि इसी दौरान भारत यात्रा पर आए तत्कालीन चीनी नेता चाऊ एनलाई नई दिल्ली में पंडित नेहरू के साथ हिंदी-चीनी भाई-भाई का नारा लगाते हुए शांति के कबूतर उड़ा चुके थे, लिहाजा भावुक भारतीय नेतृत्व को भरोसा था कि सीमा विवाद बातचीत के जरिए निपट जाएगा। मगर 1962 का अक्टूबर महीना भारतीय नेतृत्व के भावुक सपनों के ध्वस्त होने का रहा, जब चीन की सेना ने पूरी तैयारी के साथ भारत पर हमला बोल दिया। हमारी सेना के पास मौजूं सैन्य साजो-सामान का अभाव था। लिहाजा भारत को पराजय का कड़ुवा घूंट पीना पड़ा और चीन ने अपने विस्तारवादी नापाक मंसूबों के तहत हमारी हजारों वर्ग मील जमीन हथिया ली। इस तरह तिब्बत पर चीनी कब्जे के वक्त लोहिया द्वारा जताई गई आशंका सही साबित हुई।

चीन से मिले इस गहरे जख्म के बाद दोनों देशों के रिश्तों में लगभग डेढ़ दशक तक बर्फ जमी रही जो 1970 के दशक के उत्तरार्ध में केंद्र में पहली गैर कांग्रेसी सरकार बनने पर कुछ हद तक हटी। दोनों देशों के बीच एक बार फिर राजनयिक रिश्तों की बहाली हुई। तब से लेकर अब तक दोनों देशों के बीच राजनयिक रिश्ते भी बने हुए हैं और पिछले ढाई दशक के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार में भी 32 गुना इजाफा हो गया है। लेकिन इस सबके बावजूद चीन के विस्तारवादी इरादों में कोई तब्दीली नहीं आई है। कभी उसकी सेना हमारे यहां लद्दाख में घुस आती है तो कभी सिक्किम में और कभी अरुणाचल में। अपने नक्शों में भी वह जब-तब इन इलाकों को अपना बता देता है। उसके ऐसा करने का सिलसिला पिछले एक दशक के दौरान काफी तेज हो गया है, जिसके चलते दो-तीन मर्तबा दोनों देशों की सेनाएं भी आमने-सामने आ चुकी हैं। अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख में तो चीनी सेना कई किलोमीटर तक अंदर आकर अपनी चौकियां कायम कर चुकी हैं लेकिन सरकार के उसकी इन हरकतों पर कभी गंभीरता नहीं दिखाई। उसने अपने घरेलू राजनीतिक तकाजों के मद्देनजर हमेशा पाकिस्तान को ही भारत के लिए बड़ा खतरा माना।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# विवादास्पद चार श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन का भाग्य दांव पर

**■ डॉ. ज्ञान पाठक**

देश भर के औद्योगिक क्षेत्रों से मिल रहे सभी संकेत बताते हैं कि 9 जुलाई, 2025 को अखिल भारतीय मज़दूर हड़ताल एक निर्णायक दौर होगा, जिसके परिणाम, चाहे अच्छे हों या बुरे, मज़दूर संघों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार दोनों को ही भुगतने होंगे और उनसे निपटना होगा। इस आम हड़ताल की सफलता या विफलता चार विवादास्पद श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन का भाग्य तय कर सकती है, जिन्हें फिलहाल रोक रखा गया है, लेकिन केंद्र उन्हें जल्द से जल्द लागू करना चाहता है।

केंद्र की कार्रवाइयों में जो विरोधाभास देखा जा रहा है, उसने मज़दूरों को सरकार की असली मंशा के बारे में सबसे ज़्यादा आशंकित कर दिया है। सरकार ने चार श्रम संहिताओं -एक 2019 में भारत की संसद में पारित होने के बाद, और तीन 2020 में -को कई कारणों से रोक रखा है, जिसमें अखिल भारतीय हड़ताल की कार्रवाई सहित अनेक विरोध प्रदर्शन सहित कामगारों का कड़ा विरोध, केंद्र और राज्यों के अपने नियमों के साथ तैयार न होना, और भारतीय औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा आवश्यक उपाय के साथ तैयार न रहना शामिल है। हालांकि, सरकार श्रम कानूनों के वर्तमान ढांचे में संहिताओं के विभिन्न प्रावधानों को लागू कर रही है।

> पश्चिम बंगाल और केरल जैसे राज्य उन राज्यों में से हैं जो श्रम संहिताओं के तहत विभिन्न प्रावधानों पर आपत्ति जता रहे हैं। केंद्र सरकार का इरादा 1 अप्रैल, 2025 से श्रम संहिताओं को लागू करने का था, क्योंकि लगभग 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने पहले ही चार संहिताओं के अनुरूप मसौदा नियम प्रकाशित कर दिये थे और लगभग 20 ने उन परिवर्तनों को लागू कर दिया था।

मौजूदा श्रम कानूनों में न केवल केंद्रीय स्तर पर बल्कि राज्य स्तर पर भी संशोधन किये जा रहे हैं। उदाहरण के लिए, कई राज्य सरकारों ने महिलाओं के लिए रात की पाली में काम करने, निश्चित अवधि के रोजगार की अनुमति देने के लिए श्रम कानूनों में संशोधन और कारखाना अधिनियम, अनुबंध श्रम अधिनियम और औद्योगिक विवाद अधिनियम जैसे श्रम कानूनों की प्रयोज्यता के लिए श्रमिकों की सीमा बढ़ाना शामिल है, जिससे नियोक्ताओं को 'नौकरी पर रखने और निकालने' की खुली छूट मिल गयी है।

पश्चिम बंगाल और केरल जैसे राज्य उन राज्यों में से हैं जो श्रम संहिताओं के तहत विभिन्न प्रावधानों पर आपत्ति जता रहे हैं। केंद्र सरकार का इरादा 1 अप्रैल, 2025 से श्रम संहिताओं को लागू करने का था, क्योंकि लगभग 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने पहले ही चार संहिताओं के अनुरूप मसौदा नियम प्रकाशित कर दिये थे और लगभग 20 ने उन परिवर्तनों को लागू कर दिया था। फिर भी, 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के कड़े विरोध और सरकार का समर्थन करने वाले भारतीय मजदूर संघ द्वारा भी कुछ प्रावधानों पर व्यक्त की गयी कुछ आपत्तियों के कारण अधिसूचना को स्थगित कर दिया गया था।

केंद्र द्वारा 1 अप्रैल, 2025 से श्रम संहिताओं को लागू करने के अपने इरादे से पीछे हटने का एक प्रमुख कारण राष्ट्रीय श्रमिक सम्मेलन द्वारा 20 मई, 2025 को अखिल भारतीय श्रमिक हड़ताल का आह्वान किया जाना था, जो सामान्य रूप से केंद्र की श्रम-विरोधी नीतियों और विशेष रूप से नये श्रम संहिताओं और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निजीकरण के खिलाफ अपने दो महीने के श्रमिक अभियान के समापन पर आयोजित था। श्रमिक आंदोलन का आह्वान उनकी 17सूत्री मांगों पर जोर देने के लिए किया गया था।

इस बीच, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने 7 मई को पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य जवाबी कार्रवाई की, जिसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। इसके बाद 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों -इंटक, एटक, हिमस, सीटू, एआईटीयूसी, टीयूसीसी, सेवा, एआईसीसीटीयू, एलपीएफ, और यूटीयूसी - और स्वतंत्र क्षेत्रीय संघों के संयुक्त मंच ने 15 मई को नई दिल्ली में स्थिति की समीक्षा करने के लिए बैठक की और 9 जुलाई को होने वाली मजदूरों की हड़ताल को पुनर्निर्धारित करने का फैसला किया। 9 जुलाई को होने वाली अंतिम अखिल भारतीय हड़ताल के लिए 20 जून से 8 जुलाई तक पूरे देश में विरोध गतिविधियों के साथ एक तैयारी आंदोलन कार्यक्रम की भी घोषणा की गयी थी। अब तक के तैयारी आंदोलन कार्यक्रम बहुत प्रभावशाली रहे हैं, और इसलिए कोई यह निष्कर्ष निकाल सकता है कि 9 जुलाई की मजदूरों की हड़ताल बहुत बड़ी होगी।

बैंक और बीमा यूनियनों ने देशव्यापी हड़ताल में भाग लेने की घोषणा की है। उनकी प्रमुख मांगों में निजीकरण को रोकना, एफडीआई वृद्धि का विरोध और पुरानी पेंशन योजना को बहाल करना शामिल है। संयुक्त किसान मोर्चा सहित किसान और खेत मजदूर संघ भी मजदूरों की हड़ताल में भाग लेंगे, जो देश भर में सड़कों और गलियों में अपनी उपस्थिति के साथ 9 जुलाई की हड़ताल को और भी मजबूत बना देगा। सरकार समर्थित बीएमएस इस हड़ताल में भाग नहीं लेगा। वे न तो हड़ताल का विरोध कर रहे हैं और न ही समर्थन कर रहे हैं, जो 9 जुलाई की हड़ताल को और अधिक महत्वपूर्ण बनाता है।

कई अन्य श्रमिक संगठन और कर्मचारी संघ भाग लेने के लिए कूद पड़े हैं। बिहार में विपक्षी महागठबंधन (इंडिया ब्लॉक) दलों ने 9 जुलाई की हड़ताल में भाग लेने का फैसला किया है और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। आरजेडी और सीपीआई (एम)एल ने पहले ही पूरे राज्य में 9 जुलाई को अपने आंदोलन कार्यक्रम तैयार कर लिए हैं।

कई खदानों और कोलियारियों के कर्मचारी भी इस हड़ताल में भाग लेने जा रहे हैं। 9 जुलाई की हड़ताल की यह भी एक नयी विशेषता है, क्योंकि परंपरागत रूप से उनके अपने आंदोलन कार्यक्रम होते हैं।

ऑल इंडिया रेलवेमेन्स फेडरेशन ने भी हड़ताल का समर्थन किया है। देश भर में आयोजित किये जा रहे तैयारी संबंधी आंदोलन कार्यक्रमों से संकेत मिलता है कि 9 जुलाई की हड़ताल देश की सबसे बड़ी हड़तालों में से एक हो सकती है, जिसमें 20 करोड़ से अधिक कर्मचारी भाग ले सकते हैं। यह हड़ताल भारत में अब तक हुई 22 देशव्यापी आम हड़तालों में से किसी अन्य हड़ताल की तरह नहीं है, बल्कि इसका विशेष महत्व है, क्योंकि यह श्रमिकों के मूल अधिकारों, जैसे संगठित होने और सामूहिक कार्रवाई करने के उनके अधिकार, तथा सरकार की श्रमिक-विरोधी और कॉर्पोरेट-समर्थक नीतियों के विरुद्ध उनकी एकता और संघर्ष की रक्षा करना चाहती है।

## आपके पत्र

### ग्लोबल हिंसा-युद्ध बड़े शासकों की सनक का परिणाम

किसी भी विचार या मुद्दों से असहमति के प्रतिफल में हिंसा या क्रूरता नहीं की जा सकती। विचारों से असहमति और हिंसा के विरोध में प्रतिहिंसा समस्या का हल नही हो सकतौ। सबसे ताजा हिंसात्मक परिणाम फिलिस्तीन-इजरायल युद्ध के रूप में सामने आया है। जिसमें 20000 लोगों की जान चली गई और 50000 लोगों से ज्यादा घायल मानविय शरीर कराह रहे हैं। इजराइल ने फिलीस्तीन, हमास, लेबनान को तबाह कर दिया है आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह को नेस्तनाबूत करने की बात तो एक बार समझ में आती है पर लेबनान के 50 लाख लोगों को देश छोड़ने पर मजबूर कर देना तानाशाही का एक भयानक रूप ही दिखाई देता है। इसके बाद भी उसकी हिंसा की प्यास नहीं बुझी है और अमेरिका ईरान- इजरायल युद्ध में अमेरिका ने युद्ध के सबसे बड़े हथियार रूपी हवाई जहाज से ईरान के संग्रहण ठिकानों में हवाई हमला कर युद्ध का रौद्र रूप दिखाया। इजरायल-ईरान आपस में बैलिस्टिक मिसाइल से हमला कर एक दूसरे के महत्वपूर्ण ठिकानों को तबाह कर दिया है। दूसरी तरफ रूस यूक्रेन युद्ध को 2 साल से ज्यादा समय हो चुका है। इस युद्ध ने दोनों देशों के लाखों लोगों को बेघर कर दिया गया है और हजारों लोगों की जान चली गई है। दोनों देशों के अरबों रुपए इस युद्ध में खर्च हो चुके हैं यदि इस धनराशि का उपयोग विकास के लिए किया गया होता तो आज दोनों देशों में शांति के साथ विकास भी होता।

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक, प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है। यहां वैचारिक चिंतन, सम्प्रभुता, लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया-प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर असहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है। आंदोलन का स्वरूप सदैव शांतिपूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में राशि से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं। देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं, जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है।

**-संजीव ठाकुर**



## ललित सुरजन की कलम से

### शिक्षा और परीक्षा

*'एक बात समझ आती है कि देश में बहुत सी अन्य बातों के साथ शिक्षा जगत में भी जो परिवर्तन नज़र आते हैं उसका बहुत कुछ श्रेय नवपूंजीवादी विश्वव्यवस्था को है। कभी-कभी महसूस होता है कि सारी दुनिया जैसे किसी दौड़ में भाग ले रही है, एक के पीछे एक लोग भागे जा रहे हैं, क्यों, कहां, किसलिए यह शायद किसी को पता नहीं। आजकल तो हर किसी मौके पर दौड़ों का आयोजन होने लगा है- रन फॉर दिस, रन फॉर दैट, शायद इसी सोच का प्रतिबिंब है।इधर हाल में बहुत सी कॉमेडी फिल्में आई हैं जैसे वेलकम आदि। उनमें भी सब लोग इसी तरह यहां से वहां दौड़ लगाते नज़र आते हैं, लेकिन अंत में हासिल कुछ नहीं होता। ये फिल्में भी एक तरह से इस नई सोच को ही दर्शाती हैं। अब चूंकि भारत भी विश्व ग्राम का अंग बन चुका है, जिसका पहला प्रमाण हमारे सामने पुराने गुडग़ांव और नए गुरुग्राम के रूप में सामने है, तो स्वाभाविक ही हम दौड़ में किसी से पीछे नहीं रहना चाहते। इसका परिणाम है कि शिक्षा का निजीकरण प्रत्यक्ष और परोक्ष दोनों रूपों में हो रहा है। बहुत सारे निजी विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, तकनीकी संस्थान इत्यादि प्रत्यक्ष उदाहरण हैं किंतु परोक्ष निजीकरण का मामला एकदम से समझ नहीं आता।'*

**(देशबन्धु में 15 जुलाई 2017 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/06/blog-post_14.html

## पावन प्रसंग

### प्रतिभा का दुरुपयोग न हो

सुल्तान महमूद के दरबार में कवियों और कलाकारों के लिए अच्छा शरण स्थल बना हुआ था। उन दिनों प्राय: प्रत्येक राजा-महाराजा अपने दरबार में कवि रखा करते थे, जो शौर्य, पराक्रम और उदारता की मनगढ़ंत कहानियां गढ़कर गीत बनाकर राजा- महाराजा की महिमा गाया करते थे। राजा-महाराजा बदले में बहुत सारा धन उन्हें पुरस्कार स्वरूप प्रदान करते। एक प्रकार से यह व्यवसाय ही बन गया था। सुल्तान महमूद के प्रसिद्ध राज दरबार में भी एक शायर थे, जिनका नाम था, सनाई। सनाई उच्चकोटि के शेर और गजलें लिखते, परंतु वे होतीं सब सुल्तान की प्रशंसा में। प्राय: वे सुल्तान की प्रशंसा में नए-नए शेर गाते, गजलें लिखते और राज दरबार में गाकर सुनाते। इसके बदले में उन्हें पुरस्कार भी खूब मिलता और सम्मान भी। प्रतिष्ठा और पुरस्कार ने उन्हें गर्वोन्नत भी कर दिया था।

एक बार की घटना है। उन्होंने सुल्तान की प्रशंसा में कुछ शेर लिखे। उन्हें सुनाने के लिए वे राज दरबार की ओर चले। मार्ग में एक मदिरालय था, उसमें कोई शराबी मद्यपान कर रहा था। प्राय: ही लोग वहां शराब पीते, उनका ध्यान कदाचित ही उस ओर जाता। उस दिन उनके पैर अनायास ही ठिठक गए। कारण था अंदर से कुछ आवाज आ रही थी। कोई पियक्कड़ साथी से कह रहा था-' सुल्तान महमूद के अंधेपन की गमजोई में ला एक पैगाम दे।'

'बेवकूफ' -साकी कह रहा था, ' कोई सुन लेगा तो तेरा सर सीधा कलम हो जाएगा। क्यों अपनी मौत को आवाज दे रहा है।'

'दावत नहीं सच बात कह रहा हूं। इसमें बेजा क्या है? सुल्तान अंधा नहीं तो क्या है?'

'अंधेपन की क्या निशानी देखी तूने सुल्तान में?'

'बहुत कुछ देखा है'। पीने वाले ने कहा।

'सुल्तान के पास सुख से रहने के लिए किसी बात की कमी नहीं। उनके पास धन है, दौलत है, फिर उसे कुछ दिखाई नहीं देता। जो चीजें उनके पास हैं, उन्हें और बटोरने के लिए वह पड़ोसी राज्यों पर हमले करते हैं। वहां लूटमार मचाते हैं। हजारों बेगुनाहों को मौत के घाट उतार देते हैं। यह अंधापन नहीं तो क्या है?'

सनाई वहीं खड़े रहे, कुछ सोच विचार करने लगे। अंदर से फिर वही आवाज आई-'ला एक और जाम दे। सनाई की बेवकूफी पर। अब तो साकी को चिढ़ सी आ गई। सनाई के कान भी ख़ड़े हो गए, ध्यान से सुनने के लिए। साकी कह रहा था- तुमने यह क्या बकवास लगा रखी है? सनाई जैसे उम्दा शायर के लिए तुम्हें यह बोलते शर्म नहीं आती।

मानता हूं दोस्त, सनाई बहुत उम्दा शायर हैं, पीने वाला कह रहा था-' परंतु उन सा बेवकूफ भी दुनिया में खोजे नहीं मिलेगा। वह कागज को रंगता भर है, जबकि मालिक ने उसे बहुत बड़ा हुनर दिया। वह नहीं जानता कि खुदा ने उसे क्यों पैदा किया? और वह उसकी दी हुई काबिलियत को अंधे सुल्तान की तारीफ करने में ही खर्च कर रहा है।'

शराबी की इन बातों को सुनकर जिसे साकी निरी बकवास ही समझ रहा था, सनाई की आंखें खुल गईं। उनके हृदय में जैसे तीर से चुभने लगे हों और वे उलटे पांव लौट आए, वापस अपने घर। सुल्तान की प्रशंसा में उन्होंने जो नए शेर तैयार किए थे, उनको रास्ते में ही फाड़कर फेंक दिए।

बहुत देर तक ही नहीं दो-चार दिनों तक जब सनाई दरबार में नहीं आए तो सुल्तान ने खबर भिजवाई। संदेश वाहकों ने वापस आकर जो कुछ कहा, उसने सभी को सकते में डाल दिया कि सनाई घर पर हैं। बाद में पता चला कि सनाई अमुक स्थान पर फकीर के रूप में रूहानी गीत गाते देखे गए।

**युग निर्माण योजना**

# सोहागपुर थाना प्रभारी बनी उषा मरावी, कंचन ठाकुर को नर्मदापुरम कोतवाली की कमान





**सोहागपुर, देशबन्धु।** सोहागपुर जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरुकर सिंह द्वारा प्रशासनिक दृष्टिकोण से निरीक्षक स्तर के अधिकारियों के थानों में नवीन पदस्थापना को लेकर एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। तेराह थाना प्रभारीयो को इधर से उधर किया गया है, जिसमें सोहागपुर थाने की कमान उषा मरावी को सौंप गई है जो की रक्षित केंद्र नर्मदापुरम में थीं। वहीं सोहागपुर थाना प्रभारी कंचन ठाकुर को नर्मदापुरम कोतवाली की कमान दी गई है । जारी आदेश के अनुसार निम्नलिखित पुलिस अधिकारियों को नवीन पदस्थापन यहां रहेगी, कार्यवाहक निरीक्षक सौम्य पांडे, थाना प्रभारी कोतवाली नर्मदापुरम से स्थानांतरित होकर थाना प्रभारी देहात नर्मदापुरम बनाए गए हैं। कार्यवाहक निरीक्षक प्रवीण चौहान थाना प्रभारी देहात नर्मदापुरम से रक्षित केंद्र नर्मदापुरम में पदस्थ किया गया। कार्यवाहक निरीक्षक विजय सरन, थाना प्रभारी स्टेशन रोड पिपरिया से थाना प्रभारी बछवाड़ा बनाए गए हैं। निरीक्षक आदित्य सेन, रक्षित केंद्र नर्मदापुरम से थाना प्रभारी स्टेशन रोड पिपरिया पदस्थ हुए। कार्यवाहक निरीक्षक उमाशंकर यादव, थाना प्रभारी पचमढ़ी से थाना प्रभारी केरलाबाड़ी पदस्थ हुए। कार्यवाहक निरीक्षक मत्तलाल पवार रक्षित केंद्र नर्मदापुरम से थाना प्रभारी बाबईनगर बनाए गए। निरीक्षक श्रीमती उषा मरावी रक्षित केंद्र नर्मदापुरम से थाना प्रभारी सोहागपुर। कार्यवाहक निरीक्षक कंचन सिंह ठाकुर थाना प्रभारी सोहागपुर से थाना प्रभारी कोतवाली नर्मदापुरम। निरीक्षक रजोज दुबे रक्षित केंद्र नर्मदापुरम से थाना प्रभारी सिवनी मालवा। निरीक्षक सुधाकर बारस्कर थाना प्रभारी बछवाड़ा से जिला शिकायत अधिकारी नर्मदापुरम। 11. निरीक्षक अशोक झरबड़े थाना प्रभारी केरलाबाड़ी से रक्षित केंद्र नर्मदापुरम। कार्यवाहक निरीक्षक राहुल रायचवार रक्षित केंद्र नर्मदापुरम से थाना प्रभारी अजनाल। कावा निरीक्षक अनुप कुमार उरके रक्षित केंद्र नर्मदापुरम से थाना प्रभारी पचमढ़ी। इस फेरबदल का उद्देश्य प्रशासनिक व्यवस्था को सशक्त करना और थाना प्रभारियों के कार्य में अधिक दक्षता लाना है।

## जिले के 144209 बच्चों की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग होगी

# स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान का प्रथम चरण 22से शुरू

- बच्चों में बाल्यकालीन बीमारियों जैसे दस्त, निमोनिया, एनीमिया एवं कुपोषण से प्रभावित बच्चों को चिन्हांकित कर संस्था में प्रबंधन किया जायेगा



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** प्रदेश के साथ साथ नर्मदापुरम जिले में स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान का प्रथम चरण 22 जुलाई से 16 सितंबर 2025 तक संचालित किया जायेगा। अभियान की शुक्रवार को जिला प्रशिक्षण केन्द्र में सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला हुई। सीएमएचओ ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उददेश्य बाल एवं शिशु मृत्यू दर में कमी लाना, बाल्यकालीन बीमारियों की रोकथाम एवं 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाएं देना प्रमुख है। एम्स भोपाल से आये कन्सलटेंट मनोज चौहान ने पीपीटी के माध्यम से बताया कि नर्मदापुरम जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 144209 बच्चों की दस्तक दल द्वारा 22 जुलाई से 16 सितंबर 2025 तक आँगनवाड़ी केन्द्रों में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के दिन स्वास्थ्य स्कीनिंग की जायेगी। जिसके तहत बच्चों में बाल्यकालीन बीमारियों जैसे दस्त, निमोनिया, एनीमिया एवं कुपोषण से प्रभावित बच्चों को चिन्हांकित कर संस्था में प्रबंधन किया जायेगा। अति गंभीर कुपोषित बच्चों का उच्च संस्था में रिफर किया जायेगा। दस्तक दल जिसमें एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल है के द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों का एमयूएसी टेप से नाप, वजन, स्टेरियोमीटर, हीमोग्लोबिन मीटर, पल्स ऑक्सीमीटर इत्यादि से परीक्षण किया जायेगा एवं दल द्वारा आयु अनुसार विटामिन ए आयरन सीरप की खुराक दी जायेगी। दस्त रोग से बचाव हेतु जिंक की गोली एवं ओआरएस का वितरण तथा निमोनिया से बचाव हेतु एमोक्सिलीन की गोली प्रदाय की जायेगी। यह अभियान 45 दिन चलेगा जिसमें छूटे हुये बच्चों का मॉप अप दिवस में स्वास्थ्य सेवाये दस्तक दल द्वारा प्रदान की जायेगी. सीएचओ द्वारा छूटे हुये हितग्राहियों का पर्यवेक्षण किया जायेगा साथ ही लाइनलिस्ट तैयार की जायेगी। आशा एवं मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम स्तर पर दस्तक अभियान से संबंधित नारे लेखन करवाकर ग्राम में प्रचार प्रसार किया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यशाला में डीपीएम कविता भोई, सीबीएमओ डॉ आर एस मीना. डॉ रेखा गौर, डॉ. अक्षय रघुवशी, सुनील साहू एमपीडब्ल्यू मीडिया शाखा, एमएंडई अनुष्का मालवीय, विकासखंडों से मेडिकल ऑफीसर, बीपीएम, बीसीएम, डाटा कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ताप्ती तीरे

### सार-समाचार

### जिले में 1 जून से आज दिनांक तक 3715.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक 08 जुलाई को प्रात 8 बजे तक जिले में 3715.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1567.1 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 08 जुलाई 2025 को प्रात 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 455.4मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 241.0 मिलीमीटर, इटारसी में 313.8 मिलीमीटर, माखननगर में 241.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 497.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 491.8 मिलीमीटर, बनखे?ी में 658.6 मिलीमीटर, पचम?ी में 474.0 एवं तहसील डोलरिया में 344.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 946.20 फीट है, तवा जलाशय का 1138.40 फीट है, बरगी जलाशय का 419.30 मीटर एवं बारना जलाशय 344.87 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है

### डॉ. मनीष वर्मा ने संभाला संयुक्त संचालक लोक शिक्षण का कार्यभार

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नवागत संयुक्त संचालक लोक शिक्षण विभाग नर्मदापुरम संभाग डॉ. मनीष वर्मा ने गत दिवस अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत डॉ. वर्मा ने विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक आयोजित कर सभी को शासन के निर्देशों का पालन करते हुए सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं पारदर्शिता से करने के निर्देश दिए संयुक्त संचालक डॉ. वर्मा ने कार्यालय कक्षों का भी निरीक्षण किया तथा अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक व्यवस्था एवं कार्य स्थल की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयीन व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित एवं सुचारू बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### सांसद निधि से 28 हितग्राहियों को इलाज हेतु आर्थिक सहायता राशि जारी

**नर्मदापुरम, देशबन्धु** राज्य सभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया की अनुशंसा पर राज्यसभा सांसद स्वेच्छानुदान से 28 हितग्राहियों को इलाज हेतु क्रमशः 5--5 हजार रुपए की कुल 1 लाख 40 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## जिले में शासकीय संस्थाओं के निरीक्षण हेतु लगाई गई अधिकारियों की ड्यूटी

# शासकीय विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र तथा उचित मूल्य राशन दुकानों का करेंगे साप्ताहिक निरीक्षण

- बिंदुओं के निरीक्षण के लिए कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा जिला अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले में संचालित शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी शालाओं के निरीक्षण एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति शिक्षकों की उपस्थिति शिक्षा की गुणवत्ता शिक्षकों की अध्यापन गुणवत्ता जैसी अन्य बिंदुओं के निरीक्षण के लिए कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा जिला अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आंगनबाड़ी केंद्र एवं शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकानों के साप्ताहिक निरीक्षण के लिए भी अधिकारियों को शासकीय संस्थान आवंटित किए हैं।जारी निर्देश अनुसार विकासखंड नर्मदापुरम की शास उमावि एसपीएम नर्मदापुरम के निरीक्षण के लिए जिला आपूर्ति नियंत्रक खाद्य अधिकारी नर्मदापुरम की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार शास0 प्राथ0 शाला मेहराघाट के लिए जिला खनिज अधिकारी श्री देवेश मरकाम, हाई स्कूल खरखेड़ी के लिए सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री राहुल कुमार ढोके, शासकीय उमावि उत्कृष्ट विद्यालय नर्मदा पुरम के लिए उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग, शासकीय प्रा0शा रायपुर के लिए सहायक संचालक रेशम विभाग श्री रविंद्र सिंह, शास0 उमावि0 रंढाल के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नर्मदा पुरम, शासकीय हाई स्कूल रसूलिया के लिए जिला आयुष अधिकारी डॉ विमल गढ़वाल, माध्यमिक शाला पलासी के लिए सहायक संचालक नगर एवं ग्राम निवेश, माध्यमिक शाला जासलपुर के लिए प्रभारी सहायक संचालक मत्स्य विभाग श्री वीरेंद्र चौहान, शास0 उमावि बांद्राभान के लिए ओपन जी एक सहकारी समिति श्री शिवम मिश्रा, शासकीय माध्यमिक शाला आईटीआई के लिए वाणिज्य कर अधिकारी नर्मदा पुरम, शास0 माध्यमिक शाला ग्वालटोली के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी नर्मदा पुरम श्रीमती हेमेश्वरी पटले, शास0 माध्यमिक शाला स्टेशन गंज इटारसी के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी इटारसी सुश्री रितु मेहरा, शास0 प्राथमिक शाला में बोर्ड नर्मदा पुरम के लिए परियोजना अधिकारी श्री योगेंद्र राय, शासकीय माध्यमिक शाला रायपुर के लिए परियोजना अधिकारी श्री शैलेश उईके, शास0 हाई स्कूल रैसलपुर के लिए परियोजना अधिकारी मनरेगा श्री अभिषेक तिवारी, शास0 प्राथ0 शाला कोठी बाजार के लिए जिला समन्वयक एसबीएम सुश्री प्रीति बरकड़े, शास0 प्राथ0/मा शाला पवारखेड़ा के लिए प्रभारी अधिकारी श्रीमती कंचन कुंभारे, शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला मालाखेड़ी के लिए जिला समन्वयक सोशल ऑडिट श्री राजेश ठाकुर, शास0 मा0 शाला मेहराघाट के लिए सहायक संचालक शिक्षा विभाग नर्मदा पुरम , शासकीय मा0शा ब्यावरा के लिए उप संचालक उद्यानकी श्रीमती रीता उईके, शासकीय प्रा0शा रेवागंज के लिए उपसंचालक कृषि श्री जे आर हेडाऊ, शासकीय एकीकृत उमावि डोलरिया के लिए सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक की ड्यूटी लगाई गई है।विकासखंड माखननगर के शासकीय हाई स्कूल आरी के लिए जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, शासकीय हाई स्कूल बज्जर वाड़ा के लिए महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, शासकीय हाई स्कूल बहाड़पुर के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री ललित डेहरिया, शासकीय उमावि शिवपुरी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी, शासकीय एकीकृत मा0शा आंचल खेड़ा के लिए डीपीसी श्री राजेश जायसवाल, शासकीय मा0शा खारदा के लिए कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, शासकीय मा0शा मनवाड़ा के लिए जिला पंजीयक श्री राजीव सोरते, शासकीय मा0शा मानागांव के लिए कार्यपालन यंत्री पीआईयू, शासकीय प्रशा सुआ खेड़ी के लिए एपीसी श्री विनोद किरकेट्टा, शासकीय एसबीएस मा0शा के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी माखननगर श्री जी एस राजपूत, शासकीय कन्या मा0शा संगाखेड़ा कला के लिए जिला परियोजना प्रबंधक श्री आशीष शर्मा, शासकीय एकीकृत हाई स्कूल शुक्कारवाड फार्म के लिए एडीपीसी श्री राजेश गुप्ता तथा हाई स्कूल चैप्लासर के लिए सहायक महाप्रबंधक मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम श्री प्रवीण निमजे की ड्यूटी लगाई गई है। शासकीय हाई स्कूल झकला के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिवनी मालवा शासकीय उमावि बगवाड़ा शासकीय हाई स्कूल बनापुरा के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी सिवनी मालवा की ड्यूटी लगाई गई है।

## कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतकर्ताओं से व्यक्तिगत संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने मंगलवार को सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने वाले नागरिकों को जनसुनवाई के उपरांत समक्ष बुलाकर व्यक्तिगत संवाद कर उनकी समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना एवं संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई के बाद आयोजित इस विशेष सुनवाई में कलेक्टर ने लंबे समय से लंबित शिकायतों पर फोकस करते हुए शिक्षा विभाग से संबंधित शिकायत के शीघ्र निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों को उच्च अधिकारियों को पत्र प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं सहकारी बैंक से जुड़े एक अन्य मामले में भी उन्होंने शिकायतकर्ता से विस्तार पूर्वक जानकारी लेकर प्रकरण की दोबारा विस्तृत जांच कर शिकायतकर्ता की समस्या के समाधान के लिए उपस्थित अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर सोनिया मीना ने उपस्थित शिकायतकर्ताओं से समस्याओं की जानकारी विस्तार से प्राप्त कर मौके पर ही समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित किया। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन शाखा प्रभारी को भी निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने मूंग उपार्जन एवं उर्वरक उपलब्धता की समीक्षा की

# उपार्जन केंद्रों पर सभी आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए : कलेक्टर सोनिया मीना

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने मंगलवार को मूंग उपार्जन की समीक्षा बैठक आयोजित कर जिले में संचालित खरीदी केंद्रों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने उपार्जन समिति सदस्यों को निर्देशित किया कि वर्तमान वर्षा की स्थिति एवं आगामी मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए सभी खरीदी केंद्रों पर आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाएं।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी केंद्रों पर हम्मालों की सक्रियता बढ़ाई जाए ताकि उपज की तुलाई में में किसी भी प्रकार से अवरोधित न हो। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन के दौरान सभी केंद्रों का सतत निरीक्षण किया जाए तथा समितियों को उपार्जन नीति एवं अन्य निर्देशों से अद्यतन रखा जाए।

उन्होंने यह भी भी निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों पर बारदाने, तौल कांटे, सिलाई मशीन आदि आवश्यक सामग्री पर्याप्त मात्रा में संग्रहित रखी जाएं। कलेक?टर ने जिला विपणन अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी उपार्जन केंद्रों तक बारदाने की आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा न आए और इसकी निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने उप संचालक कृषि, डीआरसीएस एवं जिला विपणन अधिकारी को वीसी के माध्यम से सर्वेयर्स की समीक्षा करने तथा उन्हें उपार्जन प्रक्रिया के लिए और अधिक प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। पूर्व वर्षों में भंडारित मूंग उपार्जन केंद्रों के वेयरहाउस की सूची भी तैयार करने के निर्देश दिए।समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में खाद एवं उर्वरक की उपलब्धता की भी विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने जिला विपणन अधिकारी को निर्देश दिए की निरंतर रूप से शासन स्तर तक पत्राचार किया जाए जिससे कि नियमित रूप से जिले में खाद की निर्बाध आपूर्ति सुचारू रहे।बैठक के दौरान उप संचालक कृषि श्री जेआर हेडाउ, जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रश्मि साहू, जिला विपणन अधिकारी श्री देवेन्द्र यादव सहित अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## उर्वरक विक्रेता जे.डी. एग्रो एजेन्सी के विरुद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**हरदा, देशबन्धु।** कृषि विभाग के दल ने मंगलवार को उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 में विनिर्दिष्ट प्रावधानो के तहत उर्वरक विक्रेता मेसर्स जे.डी. एग्रो एजेन्सी हरदा के विक्रय एवं भण्डारण प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया। दल मे उर्वरक निरीक्षक सुश्री रचना पटेल, प्र. वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखण्ड हरदा श्रीमति संगीता डावर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कमलेश कुमार भादेकर तथा सहायक जितेन्द्र मंडलोई शामिल थे।

उपसंचालक कृषि जे. एल. कासदे ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के आधार पर उर्वरक विक्रेता मेसर्स जे.डी. एग्रो एजेन्सी हरदा को कारण दर्शी सूचना पत्र जारी किया गया है। विक्रेता द्वारा कारण दर्शी सूचना पत्र के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के उपरांत आगामी कार्यवाही की जावेगी ।



# केवल शिक्षकों पर ई-अटेंडेंस थोपकर अपमान कर रहा शासन

**बैतूल, देशबन्धु।** ध्यप्रदेश में शिक्षकों पर थोपे जा रहे ई-अटेंडेंस के विरोध में मंगलवार को शिक्षकों के संयुक्त संगठनों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। इस दौरान भारी बारिश में भी शिक्षक पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया। शिक्षकों ने सरकार को स्पष्ट संदेश दे दिया कि अब अपमान बर्दाश्त नहीं होगा। राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले शिक्षकों पर ई-अटेंडेंस थोपना उनके सम्मान के खिलाफ है। उनका कहना है कि अगर यह व्यवस्था जरूरी है, तो फिर सिर्फ शिक्षकों पर क्यों, क्या अन्य विभागों के कर्मचारी ईमानदार नहीं हैं, क्यों शिक्षकों को ही हर बार कठघरे में खड़ा किया जाता है। शिक्षक संगठनों ने स्पष्ट कहा कि यह व्यवस्था शिक्षकों के सम्मान पर सीधा आघात है। यह प्रणाली उनकी कार्यशैली और ईमानदारी पर संदेह उत्पन्न करती है। उन्होंने इसे चौकीदारी प्रणाली करार देते हुए कहा कि शिक्षकों को अब चौकीदार बना दिया गया है। इससे पहले कई जिलों में ऑनलाइन हाजिरी भरते समय दुर्घटनाएं भी हुई हैं, जिनमें कुछ शिक्षकों की मौत तक हो चुकी है।

**52 विभागों में एक साथ लागू की जाए ई-अटेंडेंस:**-ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षकों को केवल शिक्षण कार्य दिया जाए, तकनीकी खामियों से भरे 3.0 पोर्टल को पहले दुरुस्त किया जाए। शिक्षकों से बीएलओ कार्य, सर्वे और अन्य गैरशैक्षणिक कार्य न कराए जाएं। ऑनलाइन कार्यों जैसे मैपिंग, फीडिंग, अपर आईडी, जाति प्रमाण पत्र सत्यापन, स्कूल आने-जाने की व्यवस्था हेतु अलग से आउटसोर्स कर्मचारी की नियुक्ति की जाए। शिक्षकों ने यह भी मांग की कि ई-अटेंडेंस की व्यवस्था यदि लागू करनी है, तो उसे प्रदेश के सभी 52 विभागों में एक साथ लागू किया जाए।

## सफलता की कहानी:संत रविदास योजना के तहत लाभ प्राप्त कर किया स्वयं का व्यवसाय स्थापित, अन्य लोगो को भी जोड़ा रोजगार से

# स्वरोजगार की राह पर नर्मदापुरम के युवा तिनेश्वर सिंह

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मन में अगर कुछ कर गुजरने की ललक हो तो कोई भी बाधा आपके रास्ते नहीं रोक सकती है। नर्मदापुर जिले के एक युवा ने भी अपनी मेहनत और कर्मठता के बल पर अपना रोजगार स्थापित कर सफलता के नए आयाम स्थापित किए है। जिसमे राज्य शासन की संत रविदास स्वरोजगार योजना ने उनका सपना साकार करने में जिले के युवा तिनेश्वर सिंह ने अपने प्रयासों और शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ाये हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश शासन की संत रविदास योजना के अंतर्गत 22 लाख 50 हजार रुपये की ऋण राशि प्राप्त कर ग्रेनाइट एवं बिल्डिंग मटेरियल का व्यवसाय स्थापित किया है। संत रविदास स्वरोजगार योजना, मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए शुरू की गई एक योजना है। इस योजना के तहत, विनिर्माण इकाइयों के लिए 1 लाख रुपए से 50 लाख रुपये और सेवा/खुदरा व्यापार परियोजनाओं के लिए 1 लाख रुपए से 25 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाता है।

तिनेश्वर सिंह ने इस योजना के माध्यम से न केवल स्वयं का रोजगार सृजित किया बल्कि अन्य युवाओं को भी रोजगार के अवसर प्रदान कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि इस योजना से उन्हें अपने व्यवसाय को गति देने में बड़ा सहयोग मिला।

युवा उद्यमी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित इस प्रकार की योजनाएं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

## जनसुनवाई में आए 32 आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सोजन सिंह रावत एवं अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र कुमार सिंह ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए 32 आवेदनों पर सुनवाई की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही पिछली जनसुनवाई में आए आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी भी ली।

# ताप्ती तीरे

## सार-समाचार

### साहू समाज ने पुष्पवर्षा कर किया भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का स्वागत

**बैतूल, देशबन्धु।** नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के प्रथम नगर आगमन पर गंज में साहू समाज ने उनका पुष्पवर्षा से स्वागत किया एवं शाल व श्रीफल भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दी गई।इस अवसर पर साहू समाज के वरिष्ठ सदस्य बालाराम साहू, श्रीराम दियावार, पिंटू साहू, शिवदयाल साहू, धर्मेश साहू, संजू साहू, मुन्नालाल साहू, संतोष साहू, नरेश साहू, महेंद्र साहू, सुनील साहू, विपिन साहू, नवीन साहू, संजय साहू, आशीष साहू, हेमंत साहू और पूरन साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।


### राजेंद्र वार्ड से शराब दुकान हटाने को लेकर सीटू यूनियन का धरना आज

**बैतूल, देशबन्धु।** शहर के राजेंद्र वार्ड स्थित आंगनवाड़ी केंद्र के पास संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर आज 9 जुलाई को सीटू यूनियन के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन ने जिला प्रशासन और आबकारी विभाग पर जनहित की अनदेखी का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार शिकायतों के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। शराब दुकान बच्चों की पढ़ाई और महिलाओं की सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई है। बावजूद इसके न तो सांसद और विधायक ने अब तक कोई ठोस कदम उठाया और न ही जिला प्रशासन ने दुकान हटाने की दिशा में कोई कार्रवाई की। सीटू यूनियन ने इंदौर का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां की विधायक के प्रयासों से वार्ड क्रमांक 83 की शराब दुकान हाल ही में बंद कराई गई,जबकि बैतूल की जनता द्वारा बार-बार आग्रह करने के बावजूद प्रशासन सुनवाई तक नहीं कर रहा। इस मुद्दे को लेकर राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### आप की नई संगठनात्मक टीम घोषित, दो संयुक्त सचिव बने जिले के प्रभारी

**बैतूल, देशबन्धु।** आम आदमी पार्टी ने बैतूल जिले में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए नए प्रभारियों की नियुक्ति की है। पार्टी की प्रदेश इकाई ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में कदम उठाते हुए प्रदेश संयुक्त सचिव शैली छाबड़ा (भोपाल) एवं प्रदेश संयुक्त सचिव योगेश साहू (नर्मदापुरम) को बैतूल जिले का प्रभारी नियुक्त किया है। इनकी जिम्मेदारी जिले में सदस्यता अभियान, संगठन विस्तार एवं जन जागरण कार्यक्रमों को गति देना रहेगा। दोनों नए प्रभारी आज 9 जुलाई को दोपहर 1 बजे बैतूल के कारगिल चौक स्थित आम आदमी पार्टी कार्यालय पहुंचकर जिले के कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। इस दौरान संगठन विस्तार की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी और आगामी गतिविधियों को लेकर कार्य योजना तय की जाएगी।





### ससाबड़ टेकड़ी को हरा करने सामूहिक प्रयास जरूरी: कैप्टन



**आमला, देशबन्धु।** जिला सैनिक कल्याण बोर्ड बैतूल ग्राम पंचायत ससाबड के संयुक्त तत्वावधान में 300 पौधे का रोपण किया किया गया इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के प्रमुख कैप्टन सुमित सिंह ने कहा कि पूरे विश्व में जितने पेड़ काटे जाते हैं, उसका एक प्रतिशत भी पौधारोपण नहीं होता यदि इस पृथ्वी को बचाना है तो पौधारोपण कार्यक्रम करने से काम नहीं चलेगा उन पौधों का पालन पोषण और परिवार का सदस्य जैसा माहौल देना होगा मुझे बहुत खुशी है कि मुझे इस गांव की पहाड़ी को हरा भरा करने का अवसर सैनिक अधिकारी द्विवेदी जी अखिल विश्व गायत्री परिवार श्री कृष्ण लीला फाउंडेशन पर्यावरण प्रेमी जागरुक ग्रामीण हैं। बैतूल कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी से चर्चा हुई ।उन्होंने की सभी को एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए प्रेरित किया ।

---

### जनसुनवाई में पहुंचकर ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताई ग्राम विकास की हकीकत

# 8 लाख का बजट पास फिर भी नहीं बनी सड़क-नाली, पानी को तरस रहे ग्रामीण





**बैतूल, देशबन्धु।** ग्राम विकास का सच यही है कि आज भी कई गांव बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे है। बच्चों को किराए के मकान में आंगनवाड़ी की पढ़ाई करनी पड़ रही है, वहीं जर्जर सड़कों पर घुटनों तक भरा पानी और नलों में सूखी टोंटियां सरकारी वादों की पोल खोल रही हैं।

मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर ग्रामीणों ने कलेक्टर को ग्राम विकास की हकीकत बताई। चिचोली तहसील के ग्राम पंचायत चिरापाटला अंतर्गत आने वाले ग्राम बन्नुढाना के ग्रामीणों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि उनके गांव में बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। गांव में आज तक शासकीय आंगनवाड़ी केंद्र का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे बीते 10 से 12 वर्षों से बच्चों को किराए के मकान में आंगनवाड़ी जाना पड़ रहा है। असुविधाजनक वातावरण और अव्यवस्था के कारण बच्चे आंगनवाड़ी जाने से मना करने लगे हैं।

**बिना नाली के बनी हुई हैं गांव की सड़कें :** गांव की सड़कें बिना नाली के बनी हुई हैं, जिससे बारिश में पानी की निकासी नहीं हो पाती और रास्तों पर घुटनों तक पानी भर जाता है। इसी पानी में बच्चों को स्कूल जाना पड़ता है, जिससे संक्रमण फैल रहा है और मच्छरों के कारण डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियां पनप रही हैं। ग्रामीण आदर्श उइके, अमरदास उइके, सौरभ धुर्वे, संतराम उइके, दीपक उइके, अंकित धुर्वे, आंटू उइके, गौतम परते, राजकिरण कुमरे, मन्तु धुर्वे, मनीष धुर्वे, बलराम धुर्वे और अमन उइके का कहना है कि शासन द्वारा गांव की सड़क और नाली के निर्माण के लिए लगभग आठ लाख रुपये का बजट स्वीकृत हो चुका है, लेकिन कार्य शुरू नहीं हुआ।

**हैंडपंप और कुएं के पानी पर निर्भर ग्रामीण :** वहीं नल-जल योजना के तहत जो नल लगाए गए हैं, उनमें एक बूंद पानी नहीं आता। गांव के लोग आज भी कई किलोमीटर दूर हैंडपंप और कुएं से पानी लाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने पंचायत के सरपंच रामपाल भलावी से कई बार शिकायत की लेकिन सिर्फ़ आश्वासन मिला। हर बार यही कहा जाता है कि जल्द ही आंगनवाड़ी भवन बन जाएगा, नाली-सड़क का निर्माण हो जाएगा और नल चालू हो जाएंगे, लेकिन ज़मीनी स्तर पर कोई काम नहीं हो रहा।अब ग्रामवासी जनसुनवाई के माध्यम से प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि तत्काल जांच करवा कर आंगनवाड़ी भवन का निर्माण, सड़क और नाली का निर्माण तथा नल जल योजना को चालू करवाया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे

---

### 32 हजार वेतन, ग्रेच्युटी और स्थायीकरण की मांग

# सरकार की नीतियों के खिलाफ नाराजगी, केंद्र बंद हड़ताल आज

**बैतूल, देशबन्धु।** देशभर की 10 प्रमुख ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर आज बुधवार 9 जुलाई को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन के बैनर तले बैतूल जिले में भी केंद्र बंद हड़ताल की जाएगी। यह राष्ट्रव्यापी हड़ताल न्यूनतम वेतन में बढ़ोतरी और स्थायीकरण की मांगों को लेकर की जा रही है। जिला मुख्यालय पर आयोजित प्रदर्शन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एकता यूनियन के साथ-साथ ऑटो चालक एकता यूनियन, एम.आर. यूनियन, बैंक कर्मचारी, डाक विभाग, पाथाखेड़ा कोल माइंस के श्रमिक भी शामिल होंगे। आंदोलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### मेहनतकश वर्ग को संवैधानिक अधिकारों से रखा जा रहा वंचित : कुंदन राजपाल

सीटू नेता कामरेड कुंदन राजपाल ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार देश के चंद पूंजीपतियों का कर्ज माफ कर रही है, लेकिन मेहनतकश वर्ग को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी का दर्जा देने और न्यूनतम 32 हजार रुपए वेतन, सहायिकाओं को 24 हजार रुपए मासिक वेतन, सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी देने का आदेश दिया था, लेकिन सरकार ने अब तक इसे लागू नहीं किया। इसके उलट मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताएं लाकर श्रमिकों के यूनियन बनाने के अधिकार भी छीने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास का दावा करती है, लेकिन सच्चाई यह है कि देश की संपत्तियों का निजीकरण कर उद्योगपतियों को कौड़ियों के भाव सौंपा जा रहा है। इससे लाखों युवाओं और श्रमिकों को शोषण के हवाले किया जा रहा है। यह राष्ट्र विरोधी नीति है जिसे हर हाल में रोका जाना चाहिए।

**ऑटो चालक एकता यूनियन और एम.आर. यूनियन ने हड़ताल को दिया समर्थन :** जिलाध्यक्ष सुनीता राजपाल, महासचिव पुष्पा वाईकर, कार्यकारी अध्यक्ष सविता आर्य, उपाध्यक्ष आशा सूरजे, योगिता शिवहरे, संगीता डेहरिया, सचिव सुनीता तिवारी, इंदिरा भारद्वाज, सोनम तायवाड़े, ललित वर्मा, सहायक महासचिव रेखा काले सहित यूनियन की तमाम पदाधिकारियों ने जिले की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं से अपील की है कि वे अपने केंद्र बंद कर हड़ताल में भाग लें। इस एकदिवसीय राष्ट्रव्यापी आंदोलन में ऑटो चालक एकता यूनियन और एम.आर. यूनियन ने भी समर्थन दिया है। हड़ताल का उद्देश्य श्रमिकों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर आवाज़ उठाना है।

---

# ऐसा भी स्कूल है जहां एक भी शिक्षक मौजूद नहीं, भविष्य पर मंडरा रहा खतरा

**चिचोली, देशबन्धु।** 15 जून से सरकारी स्कूल खुलने के बावजूद विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत चुनागोसाई स्थित माध्यमिक स्कूल में शिक्षक मौजूद नहीं है यह समस्या 1 वर्ष बनी हुई है माध्यमिक स्कूल चुनागोसाई मे शिक्षक की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने चिचोली तहसीलदार एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को आवेदन देकर स्कूल में शिक्षक पदस्थ करने की मांग की है

चुनागोसाई के बंटी वाडीवा , दिनेश उईके ,विनोद उईके ने बताया कि चिचोली विकासखंड के अंतर्गत चुनागोसाई माध्यमिक स्कूल में लगभग 1 वर्ष से अधिक से शिक्षक पदस्थ नहीं है जिसके कारण स्कूल मे अध्यनरत छात्र छात्राओं का भविष्य अंधकार में है बच्चे घर से स्कूल जाते हैं वापस आ जाते हैं चुनागोसाई के पालकों ने तहसीलदार कार्यालय में तहसीलदार के नाम एवं बी ई ओ कार्यालय में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नाम.ज्ञापान देकर माध्यमिक स्कूल में शिक्षक पदस्थ करने की मांग की है । ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए बताया कि आगामी दिनो स्कूल में शिक्षक पदस्थ नहीं किए गए तो स्कूल मे अध्यनरत छात्र छात्राएं एवं ग्रामीणो द्वारा जिला कलेक्टर कार्यालय पहुच कर जिला कलेक्टर के समक्ष स्कूल शिक्षक की समस्या से अवगत कराएंगे ।

### सिमोरी में 10 जुलाई को होगा अल्प विराम कार्यक्रम

**भीमपुर, देशबन्धु।** राज्य आनंद संस्थान, मध्यप्रदेश द्वारा बैतूल जिले के विकासखंड भीमपुर के ग्राम सिमोरी में 10 जुलाई को एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन के मार्गदर्शन में किया जाएगा। जानकारी देते हुए जिला संपर्क व्यक्ति महेश गुंजेले ने बताया कि राज्य आनंद संस्थान का गठन वर्ष 2016 में मध्यप्रदेश शासन द्वारा खुशी और खुशहाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। बैतूल जिले के भीमपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिमोरी को मध्यप्रदेश शासन द्वारा आनंद ग्राम के रूप में चयनित किया गया है। ग्रामीणों को आनंद की अनुभूति कराने तथा उनके दैनिक जीवन में सकारात्मकता का भाव उत्पन्न करने की दृष्टि से यह अल्पविराम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 60 से 100 प्रतिभागियों को शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। इस अवसर पर आयुष विभाग बैतूल द्वारा एक स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया जाएगा।

---

# खाटू श्याम बाबा मंदिर परिसर में रोपे रंग-बिरंगे फूलों के पौधे

- क्षत्रीय लोणारी कुनबी समाज महिला संगठन ने किया पौधारोपण



**बैतूल, देशबन्धु।** कोसमी स्थित खाटू श्याम बाबा मंदिर परिसर में मंगलवार को आमची माती आमची संस्कृति क्षत्रीय लोणारी कुनबी समाज महिला संगठन ने पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस आयोजन में संगठन की सदस्य बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत बहनों द्वारा श्याम बाबा के दर्शन एवं पूजन से हुई। पूजन के पश्चात प्रसाद का भोग अर्पित किया गया और फिर पौधारोपण कार्य शुरू हुआ।

संगठन की अध्यक्ष श्रीमती सिद्धलता ताई महाले ने बताया बहनों ने मंदिर की शोभा और वातावरण को शुद्ध एवं छायादार बनाने हेतु अशोक, गुलमोहर, शमी, लक्ष्मीतरु, बेलपत्र जैसे विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। साथ ही कुछ बहनों ने रंग-बिरंगे फूलों के पौधों का भी रोपण कर परिसर को मनोहारी स्वरूप प्रदान किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन खाटू श्याम बाबा समिति की सक्रिय सदस्य गीता ताई कुबड़े एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। उन्होंने वरिष्ठ संरक्षक बहनों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र से सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी बहनों को परंपरागत हल्दी-कुंकुम लगाकर स्वागत किया गया। पूरे आयोजन के दौरान श्याम बाबा की स्तुति में हरे राम हरे कृष्ण के भजन गूंजते रहे, जिससे वातावरण भक्ति रस में सराबोर हो गया। आयोजन की व्यवस्था एवं समर्पण के लिए गीता ताई कुबड़े एवं उनकी समिति को सभी बहनों ने हृदय से धन्यवाद दिया। अंत में सभी बहनों को प्रसाद वितरित किया गया और कार्यक्रम का समापन मंगल भावनाओं के साथ हुआ।

**- भक्ति के साथ प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व का दिया संदेश :** आमची माती आमची संस्कृति क्षत्रीय लोणारी कुनबी समाज महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती सिद्धलता ताई महाले ने बताया कि संगठन ने धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल की।

बहनों ने पौधे लगाकर यह संदेश दिया कि भक्ति पूजा तक ही सीमित नहीं, प्रकृति की सेवा भी उसका एक महत्वपूर्ण अंग है। मंदिर परिसर की हरियाली शोभा बढ़ाएगी। आने वाले समय में भक्तों को शुद्ध और शीतल वातावरण भी प्रदान करेगी।

---

# चुनागोसाई स्कूल में नहीं है माध्यमिक शिक्षक

- बिना शिक्षक स्कूल में बच्चों की पढ़ाई ठप, पालकों ने उठाई मांग



**चिचोली/ बैतूल, देशबन्धु।** चिचोली विकासखंड के ग्राम चुनागोसाई में बच्चों की शिक्षा पर संकट मंडरा रहा है। सरकारी स्कूल 15 जून से खुल गए हैं, लेकिन गांव के माध्यमिक स्कूल में एक भी शिक्षक नहीं है। एक साल से यह स्थिति बनी हुई है। बच्चे स्कूल तक जाते हैं, लेकिन बिना पढ़ाई के वापस लौट आते हैं। पालकों का सब्र अब जवाब देने लगा है, और उन्होंने अब जिला स्तर पर आंदोलन की चेतावनी दे दी है।

विद्यार्थियों के परिजन बंटी वाड़िवा, दिनेश उइके, विनोद उइके सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षक नहीं होने से बच्चे स्कूल से मायूस होकर लौट आते हैं। ना तो कोई कक्षा लगती है और ना ही पढ़ाई होती है। यह समस्या सिर्फ इस सत्र की नहीं है बल्कि पिछले शैक्षणिक सत्र से लगातार बनी हुई है।

समस्या को लेकर ग्रामीणों ने चिचोली तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपा है तथा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर बीईओ के नाम आवेदन देकर माध्यमिक स्कूल में तत्काल शिक्षक पदस्थ करने की मांग की है। गौरतलब है कि बीईओ दीपक महाले वर्तमान में दो पदों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, जिससे क्षेत्र के कई स्कूलों की समस्याएं समय पर हल नहीं हो पा रहीं। इस संबंध में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल प्राथमिक शाला के शिक्षक द्वारा माध्यमिक स्कूल का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि मूल शाला में रहे शिक्षक की वापसी के आदेश जारी कर दिए गए हैं और एक-दो दिन में वह स्कूल में पदस्थ हो जाएंगे।ग्रामीणों का कहना है कि सिर्फ मौखिक आश्वासन से काम नहीं चलेगा। स्कूल में तत्काल पूर्णकालिक शिक्षक की आवश्यकता है। यदि स्थिति जस की तस रही, तो वे कलेक्टर से शिकायत करेंगे।

### मुक्तिधाम में समस्या पर पनपा गुस्सा, मांगा न्याय

**सारणी।** नगर पालिका पर आरोप है कि वह विकास कार्यों के नाम पर सिर्फ अपनी जेबें भरने में लगी है। अनावश्यक जगहों पर पेविंग ब्लॉक लगाना, बनी हुई नालियों को तोड़कर दोबारा बनाना, ये सब सिर्फ मुनाफे के लिए किए जा रहे हैं। जबकि जहां वास्तव में जरूरत है, जैसे मोक्षधाम की मरम्मत, वहां कोई ध्यान नहीं दिया जाता। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका के अधिकारी मिलीभगत कर घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग कर रहे हैं, जिससे सड़कें और अन्य बुनियादी ढांचे कुछ ही दिनों में ध्वस्त हो रहे हैं। हाल ही में 2 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से बनी बीटी रोड का मामला इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। यह सड़क एक बारिश भी नहीं झेल पाई और रिटर्निंग वॉल सहित बह गई।68 करोड़ रुपये के सालाना बजट वाली सारणी नगर पालिका भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुकी है। मोक्षधाम में हुई घटना और बीटी रोड के बह जाने के मामले ने लोगों के गुस्से को और भड़का दिया है। उन्होंने इन मामलों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है।

---

### लगातार बारिश से खेती के कामकाज बंद

# आठनेर में 2 दिनों से रिमझिम बारिश

- मौसम में घुली ठंडक व्यापारी वर्ग प्रभावित

**आठनेर, देशबन्धु।** पिछले दो दिनों से आठनेर में रिमझिम वर्षा का दौर चल रहा है जिसके कारण मौसम में ठंडक का एहसास होने लगा है बारिश से आम जीवन ठप्प जैसा हो गया है लगातार रिमझिम बारिश से सबसे ज्यादा व्यापारी वर्ग प्रभावित हुआ है कल से लेकर आज तक व्यापारियों के ज्यादातर प्रतिष्ठान बंद है कोई इस मौसम से खुश है तो कोई अपनी रोजी-रोटी को लेकर चिंतित है अधिकतर फुटकर व्यापारी दो दिन से हो रही बारिश के कारण चिंतित है।

क्योंकि पानी पानी में आवाजाही बंद है फल फरूट छोटे एवं मध्यम व्यापारियों के धंधे पर बारिश का सीधा असर पड़ रहा है व्यापारियों का माल नहीं बिकने से धंधे की चिंता बनी है खेतों में भी सभी कार्य बंद है ज्यादातर किसानों ने निंदानाशक दवाई का छिड़काव कर अपने-अपने कार्य समेट लिए है वैसे यह पानी फसलों के लिए वरदान है अब किसानों को सिर्फ फसलों पर खाद आदि देने की चिंता है।

इस वर्ष आठनेर क्षेत्र में मक्का की फसल का रकबा बढ़ा है कई किसानों ने सोयाबीन की भी बुवाई की है किसानों ने ज्यादातर भारी अथवा पानी पकड़ने वाली जमीन पर सोयाबीन की फसल बोई है लेकिन पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष सोयाबीन की फसल कम ही है क्योंकि सोयाबीन का उत्पादन मक्का की तुलना में कम होता है ऊपर से किसानों को उनकी मेहनत के अनुसार सोयाबीन की फसल का उचित दाम नहीं मिल पाने के कारण किसानों ने सोयाबीन से तौबा कर लिया है मक्का में कम से कम किसानों को लागत निकाल कर अच्छी खासी आय हो जाती है इसलिए ज्यादातर किसानों का रुझान मक्का की ओर ही है।

---

### सेवा दिवस के रूप में मनाया मां शारदा सहायता समिति संरक्षक का जन्मदिन

# मासूमों को पानी से बचाने के लिए वितरित की रंग-बिरंगी छतरियां

- जिला चिकित्सालय में भर्ती सिकलसेल और थैलेसीमिया पीड़ित मासूमों के लिए किया आयोजन



***बैतूल, देशबन्धु।*** *जिला चिकित्सालय में भर्ती सिकलसेल और थैलेसीमिया पीड़ति मासूमों के लिए मां शारदा सहायता समिति ने मंगलवार को एक अभिनव सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। यह आयोजन समिति के संरक्षक पंजाबराव गायकवाड के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा दिवस के रूप में किया गया, जिसमें जरूरतमंद बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास किया गया।*

*संस्था के प्रतिनिधि शैलेंद्र बिहारिया और पिंकी भाटिया ने जानकारी दी कि वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए इन मासूमों को पानी से बचाने के लिए रंग-बिरंगी छतरियां वितरित की गईं। साथ ही, बच्चों को खेल के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से बाल फुटबॉल का वितरण भी किया गया। बच्चों की पौष्टिकता का ध्यान रखते हुए उन्हें ड्रायफूड भी दिया गया।*

*इस अवसर पर उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता संजय शुक्ला, मुकेश गुप्ता और हिमांशु सोनी ने कहा कि वर्षा ऋतु में बच्चों को छाता मिलने से उन्हें सुविधा मिलेगी, स्कूल में उनकी उपस्थिति भी बढ़ाई जा सकती है। क्योंकि आज भी कई बच्चे छाते के अभाव में स्कूल नहीं जा पाते हैं।*

***पढ़ाई के साथ-साथ खेल को भी जीवन का जरूरी हिस्सा बनाने की दी प्रेरणा :*** *कार्यक्रम में उपस्थित पंडित अजय शुक्ला, दीप मालवीय, निमिष मालवीय, मनोज तिवारी, सुनील पाल, प्रकाश बंजारे, सुरेश सोनी और राजेश बोरखड़े ने पीड़ति मासूमों को सामग्री वितरित की और उनकी व्यक्तिगत समस्याएं सुनीं। उन्होंने रक्त की आवश्यकता होने पर तत्काल रक्त उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। श्रीमती हेमसिंग चौहान और डॉक्टर अंकिता सीते ने बच्चों को चॉकलेट बांटी और उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ खेल को भी जीवन का जरूरी हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी।*

***जन्मदिन पर केक काटने से बेहतर है किसी का दुःख बांटना :*** *इस सेवा आयोजन के दौरान जब मासूमों के हाथों में रंग-बिरंगे छाते और फुटबॉल पहुंचे, तो उनके चेहरे खिल उठे। आयोजन के अंत में शैलेंद्र बिहारिया ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा आओ चुपके से खुशियां रख आए उनके सिरहाने में, जिन्हें वर्षों लगे हैं मुस्कुराने में।समिति के संरक्षक पंजाबराव गायकवाड ने कहा कि जन्मदिन पर केक काटने से बेहतर है किसी का दुःख बांटना। यही सेवा का असली अर्थ है। इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि खुशियां बांटी जाएं तो वे दवा से ज्यादा असर करती हैं।*

मुख्यमंत्री ने माखनलाल चतुर्वेदी विवि महापरिषद की बैठक में दिए निर्देश

# विवि में साइबर और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर केंद्रित पाठ्यक्रम आरंभ किए जाएं

## एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आरंभ होंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार साइबर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर केंद्रित पाठ्यक्रम आरंभ किए जाएं साथ ही विश्वविद्यालय, मीडिया के क्षेत्र में एडवांस्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट के रूप में अपनी पहचान बनाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के संप्रेषण और उनकी प्रभावशीलता के सर्वेक्षण संबंधी गतिविधियां भी विश्वविद्यालय में आरंभ करने की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में विश्वविद्यालय की महापरिषद की बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, इंदौर सांसद शंकर लालवानी, विश्वविद्यालय के कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी, अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, सचिव एवं आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े सहित महापरिषद के सदस्य उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वविद्यालय के रीवा और खंडवा परिसरों में रोजगार परक पाठ्यक्रम संचालित करने संबंधी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आरंभ करने को स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृति के बाद एम.ए. (जर्नलिज्म एंड क्रिएटिव एंड राइटिंग), एम.ए. (मास कम्युनिकेशन), एम.ए.( एडवरटाइजिंग एंड पब्लिक रिलेशंस), एम.एससी (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया) और एम.एसी.ए. के एक वर्षीय पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किए जाएंगे। बैठक में विश्वविद्यालय के पी.एचडी. अधिनियम को यू.जी.सी. पीएचडी अधिनियम 2022 के अनुसार अद्यतन कर इस आधार पर पी. एचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ करने की स्वीकृति भी प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा परिसर के सभागार का नाम लाल बलदेव सिंह सभागार रखने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। महापरिषद ने वित्त विभाग के 14 अगस्त 2023 के आदेश अनुसार चतुर्थ समयमान उच्चतर वेतन मान को विश्वविद्यालय में लागू करने के प्रस्ताव को स्वीकृत किया।

राजभवन में गुलाब की विभिन्न प्रजातियों का उत्पादन होगा दोगुना

# वर्ल्ड रोज कन्वेंशन का आयोजन भोपाल को विशिष्ट पहचान दिलाएगा : राज्यपाल



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि वर्ल्ड रोज कन्वेंशन 2028 का भोपाल में आयोजन, भारत के लिए ऐतिहासिक और गौरवशाली क्षण है। यह आयोजन विश्व स्तर पर भारत की बढ़ती साख का प्रतिफल है।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल 21वें वर्ल्ड रोज कन्वेंशन- 2028 संबंधी बैठक को संबोधित कर रहे थें। राज्यपाल ने कहा कि मध्यप्रदेश के भोपाल में आयोजन, प्रदेश को विश्व स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाएगा। कन्वेंशन का आयोजन भोपाल में वर्ष 2028 में 7 से 13 जनवरी तक होगा। उन्होंने वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ रोज सोसायटी के पहले भारतीय अध्यक्ष बनने पर सुशील प्रकाश को सम्मानित किया। बैठक में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि वर्ल्ड रोज कन्वेंशन 2028 का आयोजन मध्यप्रदेश टूरिज्म को बढ़ाने में भी मददगार होगा। बैठक में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। बैठक में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के. सी. गुप्ता सहित मध्यप्रदेश रोज़ सोसाइटी के सदस्य और संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

अरेरा हिल्स पर क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय भवन का लोकार्पण

# नागरिकों का विदेश जाने का सपना होगा पूरा : सारंग



**भोपाल, देशबन्धु।** सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि नये पासपोर्ट कार्यालय भवन बनने से नागरिकों को सुविधा मिलेगी। वहीं आसान और सरल तरीके से नागरिकों को पासपोर्ट उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नई तकनीकियों के साथ पारदर्शिता पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं यह उसी का उदाहरण है। मंत्री श्री सारंग अरेरा हिल्स स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण कर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि कार्यालय भवन में पूरी क्षमता के साथ हर एक टेक्नॉजोजी को आत्मसात किया है। मध्यप्रदेश और देश के हर एक नागरिक को इस कार्यालय की सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कार्यालय भवन की अवधारणा को सराहा। भवन में हर सुविधा का ध्यान रखते हुए निर्माण किया गया है, जो लोगों को कम समय में अधिक लाभ प्रदान करेंगी।

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा है कि कार्यालय भवन में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं इससे आसानी से समय पर लोगों को लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि सुगम और सुलभ लाभ देने के लिये कर्मचारियों में विनम्रता भी आवश्यक है। मुख्य पासपोर्ट अधिकारी डॉ. के.जे. श्रीनिवास ने बताया है कि हर संसदीय क्षेत्र तक पासपोर्ट सेवाएं पहुंचाने के लिये विदेश मंत्रालय प्रतिबद्ध है। भारत में 450 पासपोर्ट सेवा केन्द्र स्थापित हो चुके हैं। पिछले डेढ़ वर्ष में मध्यप्रदेश में शहडोल, मंदसौर, खंडवा, गुना, खरगोन एवं भिण्ड जिले में पासपोर्ट सुविधा केन्द्र खोले गये है। जल्द ही मंडला में भी सुविधा केन्द्र खोला जायेगा।

शुरूआत में अतिथियों ने श्रेष्ठ कार्य करने वालो का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान भी किया। नये पासपोर्ट कार्यालय भवन में आधुनिक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। यहां शिशु पालक कक्ष, आवेदको, कर्मचारियों के लिये पुस्तकालय, छोटे बच्चो के लिये स्ट्रालर, दिव्यांगों के लिये व्हीलचेयर, कर्मचारी कल्याण कक्ष, कैफेटेरिया आदि की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है।

कार्यक्रम में मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल विनीत माथुर, पुलिस महानिरीक्षक अंशुमन सिंह, सीपीडब्ल्यूडी के जे. आर. मीणा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारी और टीसीएस कर्मी उपस्थित थे।

# अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

**भोपाल, देशबन्धु।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद भोपाल के पालिका भवन स्थित संचालनालय में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर निर्वतमान अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला भी उपस्थित थे।


अपर मुख्य सचिव श्री दुबे ने इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर 11 जुलाई को होने वाले एमपी ग्रोथ कॉन्क्लेव की तैयारियों की जानकारी ली। प्रदेश के शहरी क्षेत्र के विकास में यह कॉन्क्लेव बहुत महत्वपूर्ण है। आयुक्त नगरीय प्रशासन संकेत भोंडवे ने विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। अपर मुख्य सचिव श्री दुबे ने निर्देश दिए कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग से संबंधित कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी। योजनाओं में प्रगति लाने के लिये प्रत्येक सोमवार को विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समयबद्ध कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये। बैठक में विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

# आकाशीय बिजली से संभावित दुर्घटनाओं से स्वयं को बचायें

**भोपाल, देशबन्धु।** आकाशीय बिजली यानि वज्रपात से बचाव के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जन समुदाय के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आम-जन इन निर्देशों को अपनाकर आकाशीय बिजली से सुरक्षा और बचाव किया जा सकता है। आकाशीय बिजली या वज्रपात से आउटडोर यथा बाहरी गतिविधियों में शामिल लोग जैसे खेतों, औद्योगिक स्थानों, निर्माण और सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते हैं। आकाशीय बिजली किसी भी समय गिर सकती है और यह मानसून के पहले जून-जुलाई में अधिक होती है। दोपहर और सायंकाल के बीच वज्रपात की घटनाएं सर्वाधिक देखी जाती हैं।

जारी निर्देश में कहा गया है कि ऊंची नुकीली संरचनाओं, पेड़ों पर आकाशीय बिजली गिरने की अधिक संभावना होती है। ऐसे स्थानों से दूर रहने की सलाह दी गई है। धातु का मचान, धातु के उपकरण, पानी के पाइप या प्लम्बिंग, बिजली का संचालन करने वाली सामग्री अथवा सतहों के संपर्क से बचें। ऊंची अधोसंरचनाएं, पहाड़ी टेकरी, बिजली के खंभे, टेलीफोन के खंभे, ऊंचा पेड़, छत, मचान, धातु की सीढ़ी, बड़े मशीन जैसे बुलडोजर, क्रेन और ट्रैक्टर जैसे वाहनों से दूर रहें।












पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।